www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 124 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लाल किले के पास नवंबर-2025 में हुए धमाके के पीछे था अल-कायदा का हाथ, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के नजदीक नवंबर 2025 में हुए भीषण विस्फोट को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक मॉनिटरिंग टीम की हालिया रिपोर्ट में इस आतंकी हमले के तार 'अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (एक्यूआईएस) संगठन से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छोटे और बिखरे हुए सेल के जरिए ऑपरेट कर रहा है एक्यूआईएस

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि कभी कमजोर और बिखरा हुआ माना जाने वाला संगठन एक्यूआईएस अब एक अधिक संगठित क्षेत्रीय नेटवर्क के रूप में फिर से सिर उठा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस आतंकवादी संगठन ने अपनी पुरानी कार्यशैली बदलते हुए बड़े समूहों के बजाय छोटे और छितराए हुए (डिसेंट्रलाइज्ड) सेल्स के जरिए काम करना शुरू कर दिया है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए इन्हें ट्रैक करना बेहद कठिन हो गया है। इसके अलावा, इस संगठन ने अपनी खुद की स्वतंत्र लॉजिस्टिक्स और फंडिंग नेटवर्क भी विकसित कर लिए हैं।

एअर इंडिया पायलट्स का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा गांजा पीकर प्लेन उड़ाने वाली घटना के बाद एक्शन

नई दिल्ली/ए.। फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हुई दुर्घटना के बाद विमानन कंपनी एक्शन में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना के बाद कंपनी ने अपने सभी पायलट्स के ड्रग्स टेस्ट को अनिवार्य करने की योजना बना रही है। इसमें वह सभी दवाइयां और पदार्थ शामिल होंगे, जो किसी भी तरीके से प्रतिबंधित हैं। यह टेस्टिंग आज गुरुवार से ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लाइट का इन कमांड डोप टेस्ट में हो गया था फेल

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइट नंबर एआई 2379 का पायलट इन कमांड का ड्रग्स टेस्ट पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद एक दूसरी प्रयोगशाला में भी इसका टेस्ट किया गया, जहां पर पायलट द्वारा मारिजुआना (गांजा) पीए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद एयर इंडिया ने एक्शन लेते हुए दोनों पायलट्स को रोस्टर से हटा दिया। लेकिन इस घटना में

करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ऐसे में हवाई यात्रा में यात्रियों की सुरक्षा पर एक गंभीर प्रश्न चिन्ह लग गया।

पायलट्स पर और गहन जांच का फैसला

सरकार और एयर इंडिया ने मिलकर इस मामले की गहन जांच की शुरुआत की। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से डोप-परीक्षण ढांचे की समीक्षा करने को कहा है, जिसमें अन्य देशों में अपनाए जाने वाले परीक्षण प्रोटोकॉल शामिल हैं, और यह आकलन करने को कहा है कि क्या भारत के मौजूदा सिस्टम को मजबूत या फिर से तैयार करने की आवश्यकता है।

आज बेबाक

काकरोचों के सरदार ने ऐलान किया है कि वह बहुत जल्द जंतरमंतर पार्ट -2 शुरू करेगा। मतलब काकरोच फिर नाली से बाहर निकलकर गंदगी फैलाएंगे और हमे चाहिए गंदगी फैलाने की आजादी के नारे लगाएंगे। फिर सारा देश गाली गलौच और देशविरोधी नारे सुनेगा। पता नहीं सरकार इन गंदी नाली के कीड़ो को इतनी ढील क्यों दे रही है? कायदे से तो अब तक काकरोचों पर लाल हिट का प्रयोग कर इनका गंदा खेल खत्म कर दिया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि सरकार इन तिलचट्टों का तेल निकालने के लिए किसी शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रही है।

गरमा-गरम

संसद का मॉनसून सत्र हंगामे के हवाले: लोकसभा में 31% तो राज्यसभा में सिर्फ 38 फीसदी काम

जनता के 204 करोड़ बर्बाद!

नई दिल्ली/ए.। देश के बड़े समाजवादी नेता डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें अगर खामोश रहेंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। उनका मतलब ये था कि किसी भी लोकतंत्र को जगाए रखने के लिए जनता को खुद जागते रहना होगा। इसीलिए ये नारा याद कराके हम आपको संसद के मॉनसून सत्र के आखिरी दिन का वो हिसाब याद दिलाना चाहते हैं, जो बताता है कि 120 घंटे जिस लोकसभा को चलना था, वहां केवल 37 घंटे काम हुआ है।

मॉनसून सत्र में लोकसभा में जिन सांसदों को 120 घंटे देश के हित में चर्चा करनी थी, वहां केवल 37 घंटे काम हुआ। 83 घंटे बर्बाद कर दिए गए। यानी 31 फीसदी काम हुआ। 69 फीसदी समय मेरी सियासत-तुम्हारी सियासत के नाम हंगामे में बहा दिया गया और यही राज्यसभा में हुआ, जहां 120 घंटे के काम के नाम पर 47 घंटे काम करके सांसदों ने अपने हित के हंगामे के कारण देशहित के 73 घंटों को बर्बाद होने दिया। यानी 38 फीसदी काम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

79वें स्वतंत्रता दिवस पर 79 घंटे भी नहीं चली संसद

मॉनसून सत्र का हिसाब सुनेंगे तो लगेगा कि क्या इसीलिए सांसद चुने जाते हैं। 24 जुलाई को लोकसभा 12 मिनट चली। 1 अगस्त को लोकसभा 12 मिनट चल पाई। 23 जुलाई को लोकसभा 18 मिनट चली। 4 अगस्त को 24 मिनट में लोकसभा को स्थगित करना पड़ा। 21 दिन में केवल 5 दिन लोकसभा 1 घंटे या उससे ज्यादा चली। जहां घंटाभर बैठकर सांसद काम नहीं कर सकते हैं। उन्हें ही 5-5 साल की जिम्मेदारी देकर जनता भेज देती है।

लोकसभा में 83 और राज्यसभा में 73 घंटे की बर्बादी

जिन्हें अलख जगानी थी, उन सांसदों ने देश की संसद के मॉनसून सत्र में क्या किया? इसका हिसाब सुनकर हंसी आएगी। लोकसभा में 83 घंटे काम नहीं हुआ। यानी 124 करोड़ 50 लाख रुपए जनता का बर्बाद कर दिया गया। राज्यसभा में 73 घंटे की बर्बादी मतलब 80 करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। मतलब दोनों सदनों में मिलाकर 204 करोड़ 50 लाख रुपए बर्बाद कर दिए गए।

93 प्रतिशत सांसद करोड़पति

संसद में बैठने वाले 93% सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपए हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपए होता है।

दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपए है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपए जनता के पैसे से दिया जाता है।

संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, आखिरी दिन लोकसभा 1 मिनट, राज्यसभा 1 घंटे चली

■ पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और नेता प्रतिपक्ष राहुल सदन में रहे मौजूद

नई दिल्ली/ए.। संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन एमएमडीआर संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त चला

2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चला था। इसमें लोकसभा और राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

राज्यसभा में 114 घंटे में से 76 घंटे 34 मिनट काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में राज्यसभा की बैठकें भी लोकसभा के बराबर रहीं और 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन राज्यसभा में लगभग 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ। यानी करीब 76 घंटे 36 मिनट कम कार्यवाही हुई।

संपत्ति विवाद में फंसे राहुल गांधी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली/ए.। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अपने आदेश में हाईकोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ ही, उन्होंने एक अन्य याचिका दाखिल कर इस मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट से दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की भी मांग की है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्या कहा

मई में हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर याचिकाकर्ता की शिकायत मिली है, तो कानून के तहत आरोपों का सत्यापन किया जाना चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया था कि सीबीआई या ईडी कानून के दायरे में उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने दोनों जांच एजेंसियों को जांच की प्रगति से अवगत कराने का निर्देश भी दिया था। 20 जुलाई को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने सीबीआई के हलफनामे पर असंतोष जताया था।

हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में पकड़ाया दो करोड़ का सोना

■ 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ मिली, दो संदिग्ध पकड़े गए

रायपुर/नवप्रदेश। हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में करीब 2 करोड़ रुपए का विदेशी सोना पकड़ा गया है। यह कार्रवाई आरपीएफ क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम ने डीआरआई नागपुर के साथ मिलकर की। ट्रेन के बी-12 कोच में तलाशी के दौरान दो संदिग्धों

को पकड़ा गया। उनके पास से करीब 1.242 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ शामिल है। बरामद सोने की कीमत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजनांदगांव में ईडी का छापा कारोबारी भंसाली के घर जांच

■ यश-रोमिल नाहटा के ठिकानों पर भी जांच, लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही टीम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में ईडी की टीम ने गुरुवार सुबह 6 बजे 3 कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। सत्यम विहार कॉलोनी में यश और रोमिल नाहटा के घर और कारोबारी ठिकाने पर जांच चल रही है। वहीं, कामठी लाइन में कारोबारी मनीष भंसाली के ठिकाने पर भी ईडी की टीम जांच कर रही है।

रायपुर से पहुंची ईडी की टीम दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है। ऑनलाइन वित्तीय देनदारियों की भी जांच की जा रही है। ईडी ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि छापेमारी किस मामले से जुड़ी है। अधिकारियों ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है।

पहले ईओडब्ल्यू कर चुकी है जांच

बता दें कि इससे पहले 29 अक्टूबर को जिला खनिज न्यास निधि घोटाले में ईओडब्ल्यू की टीम ने भी इन्हीं परिसरों पर छापेमारी की थी। रायपुर से करीब 8 गाड़ियों में अधिकारियों की टीमें राजनांदगांव पहुंची थीं। जहां संबंधित कारोबारियों के यहां दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड खंगाले गए थे।

कम दृष्टि वालों को सरकारी नौकरी में आरक्षण नहीं, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों के लिए आरक्षित पदों में अंधत्व और कम दृष्टि वाले दिव्यांगों को अलग से आरक्षण नहीं देने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। बिलासपुर हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई में जस्टिस एके प्रसाद की बेंच ने राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। सरकार और सीजीपीएससी की ओर से इस याचिका की सुनवाई पर भी आपत्ति जताई गई है। कोर्ट ने इस आपत्ति पर अभी कोई फैसला नहीं दिया है और इसे खुला रखा है। अब सरकार और सीजीपीएससी के जवाब के बाद मामले की आगे सुनवाई होगी। इसकी अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

पंजाब के पूर्व डिप्टी-सीएम सुखबीर बादल पर हमला

■ नांदेड़ में निहंग ने कृपाण मारी, 2024 में भी गोल्डन टेंपल में सुखबीर पर हुई थी फायरिंग

नांदेड़/ए.। महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक, गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक निहंग ने उन पर कृपाण से हमला किया। बादल के हाथ में चोट लगी है।

हमले के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने हमले के आरोपी निहंग जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़

साहिब में तख्त श्री हजूर साहिब के पास माता साहिब गुरुद्वारे के नजदीक पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ।

इस हमले को जानलेवा बताया जा रहा है। एक हमलावर ने धारदार हथियार से बादल पर हमला किया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। हमले में पुलिस का एक जवान भी घायल हो गया। यह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सम्मेलन : ग्रीन स्टील पर छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग में 13,840 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

डाउनस्ट्रीम और स्पेशियलिटी उत्पादों के निर्माण पर दें जोर : साय

■ निवेश परियोजनाओं से प्रदेश में 10,921 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे सृजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित 'छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग ऑन ग्रीन स्टील' में 13,840 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश में 10,921 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हमारी नीति स्पष्ट है, प्रक्रियाएं पारदर्शी : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा, कि 'हमारी नीति स्पष्ट है, प्रक्रियाएं पारदर्शी हैं और अनुमतियां तय समय-सीमा में मिल रही हैं। यहां रेड टेप के लिए कोई जगह नहीं है। हम साथ मिलकर काम करेंगे और साथ मिलकर सफलता की नई कहानी लिखेंगे।

लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 ने निवेश के नए द्वार खोले हैं। पिछले 18 महीनों में प्रदेश को लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें स्टील और खनन जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल और एग्रो-प्रोसेसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में भी बड़े निवेश प्रस्ताव शामिल हैं।

'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट' लागू

प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने कारोबारी प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार किए हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट' लागू किया है। इसके तहत कम जोखिम वाले उद्यमों के लिए स्व-प्रमाणीकरण, जोखिम आधारित नियामकीय व्यवस्था तथा निर्धारित समय-सीमा में आवेदन का निराकरण नहीं होने पर डीम्ड अप्रूवल जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। इन सुधारों से प्रदेश के लगभग 15 लाख एमएसएमई को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

वन्दे मातरम्

सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलाम् मातरम् । वन्दे मातरम् ।।1।।
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।2।।
कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैधृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम् । वन्दे मातरम् ।।3।।
तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,
त्वम् हि प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति,
हृदये तुमि माँ भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम् ।।4।।
त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्,
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम् । वन्दे मातरम्।। 5।।
श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।6।।

नव प्रदेश समाचार पत्र समूह द्वारा जनहित में जारी...

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर और रांची से एक साथ प्रकाशित

हरेली तिहार पर सीएम हाउस में गूंजा गरियाबंद का लोक रंग, 'लोक संस्कृति ग्रुप' ने दी प्रस्तुति

गरियाबंद/ नवप्रदेश। हरेली तिहार के अवसर पर गरियाबंद जिला मुख्यालय की 'लोक संस्कृति गरियाबंद' टीम ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में अपनी लोक कला और संस्कृति की शानदार प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा की छाप छोड़ी। टीम के संचालक प्रेम यादव और सह-संचालक नवलु राम नेताम के नेतृत्व में कलाकारों ने पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से हरेली तिहार की संस्कृति और लोकभावना को जीवंत किया। 'लोक संस्कृति गरियाबंद' की टीम

इससे पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हैदराबाद सहित देश के कई प्रमुख शहरों में अपनी प्रस्तुतियां दी हैं और छत्तीसगढ़ की लोक कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया है।

हरेली तिहार के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में टीम की प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की जीवंत तस्वीर पेश की। पारंपरिक कला, संगीत और लोक रंगों से सजी इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

प्रेम यादव बोले—लोक संस्कृति हमारी पहचान

टीम के संचालक प्रेम यादव ने कहा कि ÷छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति हमारी पहचान और हमारी विरासत है। हरेली जैसे पारंपरिक पर्व हमारी संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री निवास में प्रस्तुति देने का अवसर मिलना गरियाबंद के कलाकारों के लिए गौरव की बात है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ की लोक कला देश के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचे और हमारी संस्कृति की पहचान और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि टीम आगे भी विभिन्न मंचों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और संस्कृति को देशभर में पहुंचाने के लिए कार्य करती रहेगी।सह-संचालक नवलु राम नेताम सहित टीम के कलाकारों ने भी इस अवसर को गरियाबंद और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण बताया।

न्यूज गैलरी

हरेली पर्व पर ग्रामीण साहू समाज ने किया पौधारोपण

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं प्रकृति से जुड़े पर्व हरेली के अवसर पर ग्रामीण साहू समाज बेलरगाँव द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए फलदार एवं छायादार सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।इस दौरान तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि हरेली पर्व केवल कृषि और किसानों से जुड़ा त्योहार ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश समाज तक पहुंचाना उद्देश्य है।कार्यक्रम में खेमू साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगाँव, सुभाष चंद साहू जिला संगठन सचिव धमतरी, टीकेशवर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ धमतरी,अदेशवर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण समाज ,नारद साहू सचिव, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष,लिलम्बर साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगाँव उमेश साहू अध्यक्ष संचालक मंडल बेलरगांव ,यतेंद्र साहू सचिव संचालक मंडल ,पवन कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बेलरगाँव ,धनजंय साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ,टीकम साहू ,लोमश साहू सदस्य, एवं बच्चे उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा समाज का जिला स्तरीय गठन, एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

नगरी/नवप्रदेश। विश्वकर्मा समाज को संगठित और मजबूत बनाने की दिशा में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन बाबा बाहर राय देखली भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रंजीत विश्वकर्मा ने की। इस दौरान समाज की मजबूती, एकजुटता और संगठनात्मक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष नारायण सिंह विश्वकर्मा, विष्णु राम, जिला संरक्षक किशन लाल विश्वकर्मा गंगरेल, मीडिया प्रभारी महेंद्र कुमार विश्वकर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समाज के लिए निर्धारित नए नियमों एवं व्यवस्थाओं को लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी सदस्यों को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। संगठन को गांव से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन से जोड़ने की दिशा में भी चर्चा हुई।

पीएम श्री श्रृंगी ऋषि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने सम्हाली कमान

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन और दिशा निर्देशों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, पारदर्शिता लाना और बच्चों को शासन से प्राप्त सुविधाओं का संवितरण सुनिश्चित करना एवं उनके सर्वांगीण विकास को गति देना है. जिसे सार्थक करने का काम पीएम श्री श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के नव गठित विद्यालय प्रबंधन समिति ने शुरू कर दिया है. स्कूल निरीक्षण के दौरान बच्चों द्वारा वर्षों से सफाई नहीं हुए पेयजल वॉटर टैंक की नियमित सफाई के मांग को प्राथमिकता क्रम में लेते हुए अध्यक्ष खिलेश्वर कुमार साहू एवं उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू ने वाटर टैंक को सामुदायिक सहभागिता से संपन्न कराया . बच्चों ने संवाद के दौरान समिति को विषय शिक्षक के अभाव में पढ़ाई प्रभावित होने की बात कही जिस पर समिति द्वारा वैकल्पिक रूप से प्रत्येक शिक्षक को चार कालखंड लेकर पढ़ाई की भरपाई करने के साथ प्राचार्य को नियमित रूप से भौतिकी विषय के दो कालखंड लेने का प्रस्ताव किया गया.

हत्या के आरोपी को हुई आजीवन कारावास की सजा

भाटापारा / नवप्रदेश। थाना हथबंद क्षेत्र के ग्राम खपराडीह (धीवनपुरी) निवासी आरोपी पंकज कुमार मनहरे को गाँव के ही पवन निषाद नामक यु व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश रखते हुवे डंडे से मारकर पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने बताया कि दिनांक 28.12.2024 को प्रार्थी शिवधन निषाद द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम खपराडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था जिसे देखने वह और मृतक भी गए थे। कार्यक्रम के बाद पास में ही सुबह 4 बजे वे दोनों चाय पी रहे थे तभी गांव के ही निवासी पंकज कुमार मनहरे के द्वारा उसके भतीजे पवन निषाद से पुरानी रंजिश रखते हुए डंडा से वार किया जिसे हाथ से रोकने पर चोट आई, फिर उसके बाद आरोपी हत्या करने की नीयत से चाकू लेकर दौड़ाया और आगे जाकर उसके पेट में चाकू से अनेक बार मारकर पवन की हत्या कर दिया है।थाना पुलिस द्वारा उक्त रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में पंचनामा, जप्ती, घटना स्थल का नक्शा, पीएम आदि कार्यवाही कर गवाहों के कथन उनके बताए अनुसार लेखबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य विवेचना पूर्ण कर पुलिस द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया।

गोबरा नवापारा नगरपालिका में सभापति पद को लेकर सियासी घमासान

सत्ता के लिए सिद्धांतों से समझौता? भाजपा की राजनीति पर उठे सवाल

■ पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को हराने वालों को मिला पद—बीस साल बाद मिली सत्ता पर उठे सवाल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में भाजपा को करीब दो दशक बाद सत्ता मिली, लेकिन सत्ता की यह वापसी अब पार्टी के भीतर ही सवालों के घेरे में नजर आ रही है। सभापति पद के गठन को लेकर राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि क्या सत्ता हासिल करने की जल्दबाजी में भाजपा ने अपने ही घोषित सिद्धांतों और अनुशासन से समझौता कर लिया?

सबसे बड़ा सवाल उन पार्षदों को लेकर उठ रहा है, जिन्होंने कथित तौर पर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरकर या उन्हें हराने में भूमिका निभाकर जीत हासिल की। पार्टी का निशान लेकर चुनाव लड़ने वाले और अधिकृत उम्मीदवारों के समर्थन में खड़े कार्यकर्ता-पार्षद जहां देखते रह गए, वहीं पार्टी लाइन से अलग खड़े रहे लोगों को सत्ता में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से संगठन के भीतर असंतोष की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

अधिकृत उम्मीदवारों को हराने वालों को मिला ताज?

नगर पालिका की राजनीति में सबसे तीखा सवाल यही है कि पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को हराने वालों को सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाने का फैसला किस राजनीतिक मजबूरी के तहत लिया गया? यदि पार्टी अनुशासन और अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ जाना गंभीर विषय है, तो फिर ऐसे लोगों को सत्ता में महत्वपूर्ण पद देकर क्या संदेश दिया जा रहा है?

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इससे भविष्य में पार्टी संगठन के सामने एक असहज स्थिति पैदा हो सकती है। कार्यकर्ता यदि पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के बजाय व्यक्तिगत समीकरणों के आधार पर चुनाव लड़कर या जीतकर बाद में सत्ता में भागीदारी हासिल कर सकता है, तो संगठनात्मक अनुशासन की प्रासंगिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

बीस साल का इंतजार, लेकिन सत्ता मिलते ही विवाद

भाजपा ने गोबरा नवापारा नगरपालिका में सत्ता हासिल करने के लिए करीब 20 वर्षों तक राजनीतिक संघर्ष किया। लंबे इंतजार के बाद मिली सत्ता को संगठन के लिए मजबूत राजनीतिक आधार माना जा रहा था। लेकिन सभापति पद को लेकर उठ रहे सवालों ने इस उपलब्धि की चमक को फीका कर दिया है।

सवाल यह भी है कि क्या सत्ता का आंकड़ा जुटाना ही अंतिम लक्ष्य था, या पार्टी अपने घोषित सिद्धांतों, अनुशासन और साफ-सुथरी राजनीति की कसौटी पर भी फैसले लेगी?

दागी छवि वाले जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई कब?

पालिका में कुछ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की कथित आपराधिक पृष्ठभूमि और विवादित छवि को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में भाजपा संगठन के सामने दोहरी चुनौती है—एक तरफ नगरपालिका में सत्ता को बनाए रखना और दूसरी तरफपार्टी की सार्वजनिक छवि तथा अनुशासन को कायम रखना। यदि पार्टी वास्तव में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करती है, तो स्थानीय स्तर पर उठ रहे इन सवालों पर भी स्पष्ट कार्रवाई और जवाबदेही दिखाई देनी चाहिए।

सभापति पर भी उठे गंभीर सवाल

पालिका की सभापति को लेकर भी राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर गंभीर आरोप चर्चा में हैं। आरोप है कि अपने पुत्र से जुड़े एक आपराधिक प्रकरण में उसे बचाने के प्रयास के दौरान सभापति का पुलिस से विवाद तक हुआ। यह मामला केवल पारिवारिक पक्षधरता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनप्रतिनिधि के पद की गरिमा और कानून-व्यवस्था के प्रति जवाबदेही से भी जुड़ जाता है।

सवाल यह है कि यदि सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि ही अपने परिजनों से जुड़े मामलों में पुलिस कार्रवाई को प्रभावित करने का प्रयास करें तो आम जनता कानून के शासन पर भरोसा कैसे करेगी?

अब गेंद भाजपा संगठन के पाले में

तिरंगा बाइक रैली से गूंजा भाटापारा हर घर तिरंगा का दिया संदेश

भाटापारा । कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा के राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स), रेड क्रॉस एवं उन्नत भारत अभियान के स्वयंसेवकों द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

रैली का आयोजन एन. एस.एस की कार्यक्रम अधिकारी भावना हेंवार,एन.एस .एस सदस्य नेहा सिंह एवं उन्नत भारत की सदस्य अनुपमा उमरे के निर्देशन में किया गया। महाविघालय के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए रैली के सफल आयोजन के लिए प्रेरित किये। तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ महाविद्यालय से तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक निकले भाटापारा बस स्टैंड स्थित यातायात थाना से होते हुए हमर भाटापारा चौक, मॉल रोड, महारानी चौक, फव्वारा चौक, रेलवे स्टेशन रोड एवं सदर बाजार होते हुए नगर का भ्रमण किया और पुनः महाविद्यालय परिसर में रैली का समापन किया।

रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ÷हर घर तिरंगा - घर-घर तिरंगा÷ एवं ÷तिरंगे का सम्मान—देश का सम्मान÷ ÷भारत माता की जय÷ देशभक्ति नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के माध्यम से नागरिकों से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।तिरंगा बाइक रैली में एन एस एस ,रेड क्रॉस एवं उन्नत भारत अभियान के बी .एड के स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता रही। रैली ने नगर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश देते हुए जन-जागरूकता का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया।

पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता का टीचर्स एसोसिएशन ने किया विरोध

नगरी/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की पदोन्नति में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता किए जाने के निर्देश को लेकर शिक्षकों में असंतोष देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला धमतरी ने शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग से इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए वर्षों से शासकीय सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों को सुरक्षित रखने की मांग की है।एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षक लंबे समय से शासकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर कुरूद में होंगे भव्य आयोजन: मंगल भवन में मुख्य समारोह

■ भारत माता की प्रतिमा का अनावरण और बॉक्स क्रिकेट का होगा लोकार्पण

कुरूद/ नवप्रदेश। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका कुरूद द्वारा विविध गरिमामयी आयोजनों की व्यापक तैयारियां की गई हैं। मौसम की स्थिति और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष का मुख्य समारोह मंगल भवन नगर पालिका परिसर में आयोजित किया जाएगा।

नगर पालिका सभाकक्ष में अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सतत वर्षा के कारण खेल मैदान गीला होने से तत्काल व्यवस्था के तहत मुख्य मंच मंगल भवन परिसर में ही बनाया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई। इसके साथ ही, समय की कमी को देखते हुए वरिष्ठ पार्षद भानु चंद्राकर के सुझाव पर इस वर्ष ई-आमंत्रण कार्ड के माध्यम से नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

20 से अधिक स्थानों पर फहराया जाएगा तिरंगा

परंपरानुसार नगर पालिका भवन में अध्यक्ष महोदया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात नगर पालिका के पार्षदों एवं एल्डरमेन के नेतृत्व में नगर के लगभग 20 प्रमुख स्थानों पर तिरंगा फहराने की तैयारी की गई है।

विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज को बधाई देना भी उचित नहीं समझे भाजपा नेता: गणेश ध्रुव

भाटापारा /नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस पर भाजपा की चुप्पी को लेकर कांग्रेस ने तीखा हमला किया है। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक *गणेश सिंह ध्रुव* ने कहा कि आदिवासी कल्याण के बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने 9 अगस्त को आदिवासी समाज को बधाई देना तक जरूरी नहीं समझा।

गणेश सिंह ध्रुव ने कांग्रेस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि द्ध÷9 अगस्त को पूरे विश्व में आदिवासी दिवस आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, गौरवशाली विरासत, सम्मान और अधिकारों के उत्सव के रूप में मनाया गया। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ,केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम* सहित भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने इस दिन बधाई नहीं दी। वही भाजपा के 25 आदिवासी सांसदों में से 20 सांसद भी अपने समाज को बधाई नहीं दे पाए। गणेश सिंह ध्रुव ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों मध्यप्रदेश के मोहन यादव, महाराष्ट्र के देवेंद्र फड़णवीस, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, असम के हिमंत बिस्वा सरमा और गुजरात के भूपेंद्र पटेल* से सवाल किया कि आखिर क्यों आदिवासी दिवस पर समाज को याद नहीं किया गया। ध्रुव ने कहा कि द्ध÷सवाल केवल बधाई देने का नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक सोच का है जिसमें आदिवासी समाज की याद सिर्फ चुनाव के समय आती है। चुनाव के बाद आदिवासियों की पहचान, सम्मान और अधिकार राजनीतिक विमर्श से गायब हो जाते हैं।÷द्ध

उन्होंने भाजपा सरकार पर जल, जंगल, जमीन, रोजगार, शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों को लेकर भी निशाना साधा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीद जवानों के परिजनों को शॉल, श्रीफल व तिरंगा भेंट कर जताई कृतज्ञता

वीर परिवारों के सम्मान में भाजयुमो ने घर-घर पहुंचकर किया सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजयुमो द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा भारतीय सेना में राष्ट्र सेवा करने वाले अमर शहीद वीर जवानों के परिजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने वीर परिवारों के घर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना और शॉल, श्रीफल एवं राष्ट्र की शान तिरंगा झंडा भेंट कर भावपूर्ण सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों तथा भारतीय सेना में सेवा देने वाले जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनके योगदान को याद किया। सम्मान पाकर परिजनों ने भी भाजयुमो कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और भारतीय सेना के जवानों के अदम्य साहस की बदौलत ही आज देश सुरक्षित और स्वतंत्र है। जिन परिवारों ने देश की आजादी और रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, उनका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। भाजयुमो कार्यकर्ता इन वीर परिवारों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में राष्ट्र सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे।

इन वीर परिवारों का किया सम्मान–कार्यक्रम के तहत श्रीमती खेमिन बाई चंद्राकर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नारायण लाल चंद्राकर की धर्मपत्नी; नारायण लाल नामदेव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बौदा नामदेव के पुत्र; तथा श्रीमती ज्योति चंद्राकर, भारतीय सैनिक स्वर्गीय पंकज चंद्राकर की धर्मपत्नी सहित संबंधित परिजनों का सम्मान किया गया। सभी को शॉल, श्रीफल और तिरंगा झंडा भेंट किया गया।

इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, जिला प्रभारी अन्नू चटर्जी, सहप्रभारी सत्यम चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजयुमो नंदू जलक्षत्री, जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे एवं दुर्गा शंकर दुबे सहित डिगेश साहू, जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, राजा अग्रवाल, निधि लोकेश चंद्राकर, गीतिका सोनी, धनेश्वरी सोनवानी, अभिषेक पांडे, उमेश गोल्डी साहू, शुभम बाघ, लीलेश साहू, आयुष दुबे, उदय भानु, राजू साहू, रोशन बग्गा, विनय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फुल ड्रेस रिहर्सल में दिखी 15 अगस्त की भव्य झलक, 13 टुकड़ियों ने किया मार्च पास्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए गुरुवार को पुलिस परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। 15 अगस्त को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में होने वाले समारोह का हूबहू पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का जायजा लेकर अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

रिहर्सल में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण और 13 टुकड़ियों के शानदार मार्च पास्ट का अभ्यास कराया गया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का पूर्वाभ्यास किया। इस बार छह स्कूलों के विद्यार्थी सामूहिक रूप से देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह का प्रमुख आकर्षण बच्चों का साहसिक खेल ताईक्वांडो प्रदर्शन रहेगा। वहीं जिला पुलिस और केंद्रीय जेल की संयुक्त बैंड टीम देशभक्ति की धुनों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर करेगी। नक्सल हिंसा में शहीद जवानों और नागरिकों के परिजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके योगदान को नमन किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। रिहर्सल के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्य समारोह गरिमापूर्ण, अनुशासित और आकर्षक हो तथा नागरिकों, विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण रहें। जिला प्रशासन ने समारोह की तैयारियां पूरी होने की बात कही है।

डाक विभाग ने दिया देशभक्ति का संदेश

भारतीय डाक विभाग के बिलासपुर संभाग द्वारा आज प्रवर अधीक्षक बीएल जांगड़े के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान जैन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट मनोज कुमार के नेतृत्व में निकली देशभक्ति से ओतप्रोत रैली का प्रधान डाकघर बिलासपुर परिसर में प्रवर अधीक्षक बीएल जांगड़े द्वारा स्वागत किया गया।

आयुष विभाग ने निकाली तिरंगा रैली

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा गौरव पथ रिंग नंबर-2 में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव ने किया। इस दौरान आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरे उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

108 फीट का तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र

सीपत/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा, सीपत मंडल द्वारा आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नवाडीह पेट्रोल पंप से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड, सीपत पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में 108 फीट का विशाल तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भारत माता के जयकारों एवं राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इसी क्रम में शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत के महाविद्यालय परिवार द्वारा भी तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय परिसर में तिरंगे पर पुष्प वर्षा कर राष्ट्रध्वज का सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। वहीं सीपत बालक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास एवं कन्या संकुल समन्वयक प्रमोद पाण्डेय द्वारा भी तिरंगा यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष श्री दिलेंद्र कौशिल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजवर्धन कौशिक, नागेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल महामंत्री सतीश चंद्र पाटनवार एवं हरिकेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष ढोलाराम केवट एवं मदनलाल पाटनवार, जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, नंदनी साहू, नारायण साहू, सुरेश पटेल, सीपत उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू , सुशील साहू , प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ललित यादव, जयशंकर साहू, उमेश पाटनवार, युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव तंबोली , महामंत्री मिथलेश श्रीवास, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू , ओम पाटनवार एवं शुभम यादव, युवराज सिंह, कार्यालय मंत्री सोनू निर्मलकर, सह-कार्यालय मंत्री दुर्गेश खुसरो, पवन पटेल, आयुष पाटनवार, परमेश्वर रजक आदि उपस्थित थे।

दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ ने नदी से निकाला शव

दोस्तों के साथ अरपा नदी में नहाने गया बालक डूबा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को अरपा नदी में नहाने गए 14 वर्षीय किशोर की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब दो घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया, जिसके बाद दोपहर करीब 2 बजे किशोर का शव नदी से बरामद किया जा सका। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, सरकंडा थाना क्षेत्र के जबड़ापारा के पास अरपा नदी में गुरुवार को सौरभ धुरी पिता जीवन धुरी, उम्र 14 वर्ष, अपने करीब चार-पांच दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे करीब 12 बजे नदी में नहाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान सौरभ नदी के गहरे पानी की ओर चला गया और अचानक डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने घटना की सूचना आसपास के लोगों और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर की तलाश शुरू कराई। नदी में पानी की गहराई अधिक होने के कारण पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। एसडीआरएफ के जवानों ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे तक नदी में तलाश करने के बाद टीम ने दोपहर करीब 2 बजे सौरभ का शव बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। जिस उम्र में सौरभ दोस्तों के साथ नहाने और खेलने निकला था, उसी दिन उसकी जिंदगी का दुखद अंत हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा उडगन रेलवे फाटक के आगे नीको प्लांट मोड़ के पास हुआ। पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 सीई 8802 के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हरदी थाना हिर्री निवासी विनोद कुमार मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी के मुताबिक वह बिलासपुर स्थित विवेक टायर दुकान में मजदूरी करता है। उसका ससुराल ग्राम भैसबोड़ में है। हरेली त्योहार और बेटी के जन्मदिन के चलते वह परिवार सहित 6 अगस्त को ससुराल आया था। 12 अगस्त की दोपहर करीब 3:30 बजे उसके नाना ससुर दसरू राम ध्रुव (निवासी ग्राम धनेली) अपने घर जाने की बात कहकर टीवीएस एक्सल लूना क्रमांक सीजी 04 एमडी 8928 से भैसबोड़ से रवाना हुए थे। शाम करीब 5:30 बजे परिजनों को सूचना मिली कि उडगन रेलवे फाटक के आगे नीको प्लांट मोड़ के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। बताया गया कि दगौरी की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 सीई 8802 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से दसरू राम की लूना को टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें सिर, माथे, चेहरे और हाथ में गंभीर चोटें आईं। 112 की टीम उन्हें बिल्हा अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर बिल्हा पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

डीएवी स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

बिल्हा/नवप्रदेश। डीएवी स्कूल गोढ़ी में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद कर्तव्य व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें स्कूल कैप्टन माधवी साहू और हिमांशु महिलांगे के साथ अन्य सभी छात्र परिषद के सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने व विद्यार्थियों के हित में सदैव कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र परिषद नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा-भाव की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

उद्यानिकी कॉलेज में तिरंगा यात्रा

बिल्हा/नवप्रदेश। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तिरंगा लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तिरंगे के सम्मान, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली। यह अभियान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कोयले की हेराफेरी में वाहन मालिक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिर्री थाना क्षेत्र के डिघोरा स्थित ब्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड कंपनी में घटिया गुणवत्ता का कोयला पहुंचाने के मामले में पुलिस ने तीन माह से फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में वाहन मालिक सहदेव साहू (49) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी से कोयला परिवहन से जुड़े इस मामले में पुलिस की कार्रवाई आगे बढ़ी है। मामला 18 मई 2026 का है। प्रार्थी आशीष केशरी द्वारा हिर्री थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह कोयला परिवहन एवं लिफ्टिंग का काम करता है। एसईसीएल रामपुर की कोयला खदान से उच्च गुणवत्ता वाला कोयला दो ट्रेलरों में लोड कर डिघोरा स्थित ब्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड भेजा गया था। कंपनी पहुंचने के बाद जब कोयले का केमिकल लैब परीक्षण कराया गया तो पूरी कहानी बदल गई। जांच में दोनों ट्रेलरों में पहुंचा

कोयला निर्धारित गुणवत्ता के बजाय महज 4203 और 4220 का पाया गया। यानी खदान से जिस उच्च गुणवत्ता के कोयले की आपूर्ति बताई गई थी, उसके स्थान पर कम गुणवत्ता वाला कोयला पहुंचने का मामला सामने आया। रिपोर्ट के आधार पर हिर्री पुलिस ने अपराध क्रमांक 121/2026 दर्ज कर धारा 316(3), 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस के तहत जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा राजेश जोशी के निर्देशन में हिर्री थाना प्रभारी निरीक्षक दामोदर प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान ट्रेलर वाहन मालिक सहदेव साहू की भूमिका भी सामने आई। पुलिस के मुताबिक आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। आखिरकार पुलिस ने घेराबंदी और पतासाजी के बाद 12 अगस्त 2026 की रात करीब 10:30 बजे सहदेव साहू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कोयले की गुणवत्ता में अंतर सामने आने के बाद यह मामला महज परिवहन की अनियमितता तक सीमित नहीं माना जा रहा है। उच्च गुणवत्ता के कोयले के नाम पर कम गुणवत्ता का कोयला पहुंचने की घटना ने पूरे परिवहन तंत्र और उससे जुड़े लोगों की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस अब मामले में अन्य संभावित कड़ियों और संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो युवकों को मारा चाकू, एक गंभीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोनी थाना क्षेत्र के सेंदरी बस स्टैंड के पास बुधवार तड़के एक मोटरसाइकिल में सवार तीन अज्ञात युवकों ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत अधिक गंभीर होने पर उसे सिम्स अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सेंदरी बस स्टैंड के पास रामदास के ठेले के सामने बुधवार सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच अंकित बघेल और उसका साथी दिले केंवट घूमने निकले थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने दोनों युवकों पर हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चाकू के हमले में अंकित बघेल के बाईं ओर पसली में गंभीर चोट लगी और काफी खून बहने लगा। वहीं दिले केंवट के सीने में चाकू लगने से वह भी घायल हो गया। आसपास मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी और दोनों घायलों को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल पहुंचाया।

बिजली बिल हॉफ करने घर घर दस्तक दे रहे हैं कांग्रेसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के वार्ड व गलियों में कांग्रेसजन घूम घूम कर स्मार्ट मीटर व बढे हुए बिजली के दाम को करने के साथ साथ 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ जो भूपेश बघेल की सरकार में योजना थी। उस योजना को पुनः चालू करने के साथ ही साथ जो गलत बिजली बिल आ रहा है। उनके संशोधन के साथ-साथ शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में लगातार अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ सड़क पर उतरकर घर-घर दस्तक देकर आमजन मानस व व्यापारियों को जो तकलीफ है। उनसे चर्चा कर शिकायत फॉर्म लगातार भरवा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में लगातार यह अभियान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा चलाए

जा रहा है। इसी कड़ी में आज विद्या बिनोवा क्रांति नगर शेष कॉलोनी डिपुपारा व लिंक रोड क्षेत्र में कांग्रेस जन घर-घर संपर्क कर लोगों से शिकायत पत्र भरवाये । विद्युत व्यवस्था के खिलाफ मे आज प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रशांत पांडेय, दिलीप साहू, संजय दवे, राहुल दुबे, संगीत मोईत्रा, राघवेंद्र सिंह, सदीप मिश्रा, बब्लू केसरवानी, केशव गोरख, पियुष अग्रवाल, संजय साहु, विजय तिवारी, हनु शर्मा, गुड्डु चंदेल, छोटू बर्डे, विजय दुबे, राजेश साहू, विक्की नानवानी, प्रशांत परिहार, सुषमा साहु, स्मिता मोईत्रा, ममता पाण्डेय, मृत्युंजय तिवारी, ओम शर्मा, संतोष चौहान, राजेंद्र विष्ट, अजय गोस्वामी, राज चौहान, नरेंद्र सिंह, जावेद खान, सन्नी चौहान, उदय गंगवानी, मो शकील, राजा यादव, यश सिंह, पप्पु विष्ट आदि सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल थे।

शिविरः रेल मंडल के कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में शिविर

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर में 162 कर्मचारियों की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए रेलवे चिकित्सालय के साथ ही साथ कर्मचारियों के कार्यस्थलों में भी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यस्थलों में कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें परामर्श भी दिया जा रहा है।

इसी संदर्भ में मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा 12 अगस्त को मंडल के कोरबा स्टेशन में स्थित क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक कार्यालय में कर्मचारियों के लिए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 162 कर्मचारियों की स्वास्थ्य की जांच एवं विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई । इस दौरान कर्मचारियों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट, ईसीजी तथा वेस्ट हिप रेशियो की जाँच एवं मॉनिटरिंग की गई। 84 कर्मचारियों का बोन मिनरल डेंसिटी जांच किया एवं 6 कर्मचारियों को टिटनेस का टीकाकरण भी किया गया। शिविर में 9 से 15 वर्ष से कम आयु की किशोर बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई। उनके रक्त में हीमोग्लोबिन, सिकल सेल की जाँच, लीवर फंक्शन टेस्ट किया गया। साथ ही 9 कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण किया गया। प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवेश कुमार, उप मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. बीरबल प्रधान,

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शेख सिराजुद्दीन, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमित प्रकाश, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी कोरबा डॉ नीतू एस कुमार, डीएनबी डॉ. धनंजय, डॉ. जौहरा, डॉ. अंशिका द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई तथा न्यू कोरबा हास्पिटल के अनुबंधित चिकित्सक डॉ. अजित व डॉ. अविनाश (हड्डी रोग विशेषज्ञ) सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. बीरबल प्रधान ने महिलाओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमित प्रकाश ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक बीमारियों के कारण, लक्षण तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, संभावित दुष्प्रभाव एवं बचाव के उपायों के संबंध में कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परहेज तथा दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इंटर्न डॉक्टरों ने विधायक अमर से की मुलाकात





बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा मासिक स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग को लेकर प्रयास तेज किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिम्स में कार्यरत इंटर्नशिप डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहर विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमर अग्रवाल से मुलाकात कर अपने मासिक स्टाइपेंड में उचित बढ़ोतरी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इंटर्न डॉक्टरों ने विधायक अमर अग्रवाल के समक्ष अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा।

उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रहे हैं तथा प्रदेश स्तर पर उनकी बातों को गंभीरता से सुना जाता है। इसी विश्वास के साथ उन्होंने अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा है। विधायक अमर अग्रवाल ने इंटर्न डॉक्टरों की मांगों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सुविचार

किसी को परेशान देखकर यदि आपको तकलीफहोती है तो यकीन करो ईश्वर ने आपको इंसान बनाकर कोई गलती नहीं की है।

आखिरकार लोकसभा स्थगित

जैसी की संभावना थी संसद का यह मानसून सत्र भी विपक्ष के हंगामों की भेंट चढ़ गया। विपक्ष द्वारा लगातार सदन की कार्यवाही को बाधित किये जाने की वजह से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा को अनिश्चतकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। विपक्ष लगातार दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना पर गृहमंत्री अमित शाह से जवाब देने की मांग करता रहा और इसे ही लेकर संसद में हंगामा करने के बाद संसद परिसर में प्रदर्शन करता रहा। जब अमित शाह संसद में जवाब देने के लिए आ गये तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह कहकर सदन की कार्यवाही का फिर से बहिष्कार कर दिया कि उनको अमित शाह का भाषण सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। यदि ऐसा ही था तो इतने दिनों तक अमित शाह के जवाब की मांग करके सदन की कार्यवाही को क्यों बाधित किया गया। जब जवाब देने की मांग की थी तो विपक्ष को गृहमंत्री का जवाब सुनना चाहिए था बहरहाल अब लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है और इसे लेकर अब सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोपों के तीर चला रहे हैं कि मानसून सत्र में सदन का काम न हो पाने के लिए वे नहीं बल्कि दूसरा जिम्मेदार है। उल्लेखनीय है कि संसद के मानसून सत्र में इस बार सबसे कम काम करने का शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है। संसद में सिर्फ 17 घंटे ही काम हो पाया। यह तो गनिमत रही की विपक्ष के हंगामें और वॉकआउट के बावजूद सरकार ने बहुमत के आधार पर कुछ विधेयकों को पारित करा लिया। लेकिन महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक इस बार भी अधर में लटक गया। इस विधेयक को लेकर पूर्व में संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह विधेयक गिर गया था। इस बार सरकार मानसून सत्र में इस विधेयक को पेश करने की तैयारी कर चुकी थी लेकिन विपक्ष के हंगामें के कारण वह ऐसा नहीं कर पाई। इसी तरह एफसीआरए संसोधन विधेयक पर भी संसद में चर्चा नहीं हो पाई। इस विधेयक के खिलाफ विपक्ष ने पहले ही मोर्चा खोल रखा था और दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी थी कि वह यह विधेयक न लाये क्योंकि यह एक अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के विपरीत है। नतीजतन सरकार ने एफसीआरए संसोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समीति के हवाले कर दिया। कहने का आशय यह कि अब यह महत्वपूर्ण विधेयक भी ठंडे बस्ते में चला गया। कुल मिलाकर संसद का मानसून सत्र नाममात्र के कामकाज के साथ समाप्त हो गया। जनहित से जुड़े किसी भी मुद्दे पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई और दो महत्वपूर्ण विधेयक आगामी सत्र के लिए लटक गये। वैसे संभावना इस बात की है कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक तथा एफसीआरए संसोधन विधेयक पारित कराने के लिए सरकार शीतकालीन सत्र से पहले संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। इस बीच सरकार को भी महिला आरक्षण व परिसीमन विधेयक पर दो तिहाई बहुमत जुटाने का अवसर मिल जाएगा।

झारखंड लाठीचार्ज पर विपक्ष चुप क्यों

नई दिल्ली में प्रदर्शकारी छात्रों पर पुलिस के बल प्रयोग को लेकर विपक्ष ने अपने सिर पर आसमान उठा रखा था जिसके चलते संसद की कार्यवाही तक हंगामों की भेंट चढ़ गई। वही विपक्ष झारखंड के छात्रों के साथ हुई पुलिस ज्यादती के मुद्दे पर खामोश क्यों है। यह सवाल झारखंड के आंदोलित छात्र कर रहे हैं जिनपर रात के अंधेरे में बेरमी से लाठियां बरसाई गई और अब उन्हीं छात्रों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है और 100 नामजद छात्रों के अलावा छह 600 छात्रों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। अब इस कार्यवाही पर किसी भी विपक्षी नेता का कोई बयान नहीं आ रहा है इसे ही कहते हैं मीठा मीठा गप गप और कड़वा कड़वा थू-थू वैसे झारखंड के आंदोलित छात्रों का हौसला अभी भी नहीं टूटा है और वे लाठीचार्ज की घटना होने तथा एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आंदोलन पर अडिग हैं। अब इस मामले में भाजपा भी मैदान में उतर गई है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास ने हेमंत सोरेन सरकार को एक सप्ताह की मोहलत दी है कि वह छात्रों की मांग पर पेपरलीक मामले की सीबीआई जांच कराने के निदेर्श दे वरना वे खुद धरना स्थल पर आमरण अनसन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे। झारखंड के आंदालित छात्रों को वहां के लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है और यह आंदोलन फिर उग्र रूप धारण कर सकता है आंदोलित छात्र फिर से विधानसभा का घेराव करने के लिए भी बाध्य हो सकते हैं। यदि ऐसा हुआ और फिर उन पर पुलिसबल का प्रयोग किया गया तो अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि झारखंड सरकार इन आंदोलित छात्रों के साथ तत्काल वार्ता करे और उनकी मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सीबीआई जांच के आदेश दे यदि झारखंड सरकार यह दावा कर रही है कि वहां कोई पेपरलीक नहीं हुआ है और न ही परिक्षाओं में या भर्ती प्रक्रिया में कोई धांधली की गई है तो फिर वह सीबीआई जांच कराने से क्यों कतरा रही है। जाहिर है आंदोलित छात्रों को जब सीआईडी जांच पर भरोसा नहीं है तो उनकी मांग पर सीबीआई जांच कराने में दिक्क क्या है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1947: ब्रिटिश राज से स्वतंत्रता मिलने के साथ ही भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान एक पृथक राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया, जो अपना स्वतंत्रता दिवस इसी दिन मनाता है। 1968: भारत के वरिष्ठ राजनेता मोरारजी देसाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से सम्मानित किया गया था। 1971: खाड़ी देश बहरीन को लगभग 110 वर्षों के बाद ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता मिली थी।1975: एक सैन्य तख्तापलट के दौरान पाकिस्तान की सेना ने बांग्लादेश के राष्ट्रपिता मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट कर दिया था। 2006: संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इस्त्रायल और दक्षिणी लेबनान के बीच पांच सप्ताह से चला आ रहा हिंसक संघर्ष समाप्त हुआ था। 2007: पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के बीच राजनीतिक भविष्य को लेकर समझौता हुआ था। प्रसिद्ध हस्तियों का निधन: हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता शम्मी कपूर (2011) और भारत के मशहूर शेयर बाजार निवेशक राकेश झुनझुनवाला (2022) का निधन इसी दिन हुआ था।

तिरंगे के रंग में रंगा सिनेमा: भगत सिंह से कारगिल तक

जयसिंह रघुवंशी

स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और देशभक्ति गीत सुनने का अवसर नहीं है, बल्कि उन कहानियों को याद करने का भी दिन है जिन्होंने भारत की आत्मा को समझने में हमारी मदद की। भारतीय सिनेमा ने पिछले कई दशकों में ऐसी अनगिनत कहानियां पर्दे पर उतारी हैं, जिनमें आजादी की लड़ाई, वीर सैनिकों का बलिदान और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा दिखाई देता है। फिल्में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होतीं, वे इतिहास को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का भी काम करती हैं। कभी भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की गाथा के जरिए, कभी सीमाओं पर लड़ते सैनिकों की वीरता के माध्यम से और कभी खेल के मैदान में तिरंगे की शान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों की कहानी से सिनेमा ने देशभक्ति को अलग-अलग रंगों में पेश किया है। भारत की आजादी की गाथा, आजादी के नायकों और युद्ध आधारित कई फिल्में बनी हैं, जिसकी एक आलेख में चर्चा करना संभव नहीं है। यहां चुनिंदा फिल्मों के बारे में ही बात की गई है।

आजादी के संघर्ष की कहानियां: जब पर्दे पर लौटे महानायक

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें अलग-अलग विचारधाराओं और रास्तों से जुड़े कई महान लोगों ने योगदान दिया। सिनेमा ने इन किरदारों को समय-समय पर नई पीढ़ी के सामने रखा।

'शहीद' (1965) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर बनी उन फिल्मों में शामिल है जिसने क्रांतिकारी भगत सिंह के जीवन को बड़े पर्दे पर प्रभावशाली तरीके से पेश किया। मनोज कुमार अभिनीत इस फिल्म ने भगत सिंह के साहस, विचारों और बलिदान को दर्शकों तक पहुंचाया। बाद में भगत सिंह पर बनी फिल्मों में 'द लीजेंड ऑफभगत सिंह' (2002) भी काफी चर्चित रही।

महात्मा गांधी के जीवन पर बनी 'गांधी' (1982) भारतीय इतिहास को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाली फिल्मों में शामिल है। रिचर्ड एटनबरो के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेन किंग्सले ने गांधीजी की भूमिका निभाई थी। फिल्म ने ऑस्कर में आठ पुरस्कार जीतकर दुनिया भर में प्रशंसा हासिल की।

वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्ष को दिखाने वाली 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस: द फॉरगॉटन हीरो' (2004) ने आजाद हिंद फौज और नेताजी के योगदान को सामने रखा। श्याम बेनेगल के निर्देशन में बनी यह फिल्म भले ही व्यावसायिक रूप से बड़ी

सफलता हासिल नहीं कर पाई, लेकिन इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को पर्दे पर लाने का काम जरूर किया।

युद्धभूमि में दिखा सैनिकों का साहस

भारत का इतिहास कई युद्धों और चुनौतियों से भरा रहा है। सिनेमा ने इन संघर्षों को केवल हथियारों की लड़ाई के रूप में नहीं, बल्कि सैनिकों के साहस, परिवारों के इंतजार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना के रूप में भी दिखाया है।

1962 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित 'हकीकत' (1964) को भारतीय युद्ध फिल्मों की शुरुआती और सबसे प्रभावशाली फिल्मों में गिना जाता है। चेतन आनंद निर्देशित इस फिल्म ने युद्ध की कठिन परिस्थितियों और सैनिकों के बलिदान को बेहद संवेदनशील अंदाज में दिखाया।

इसके बाद 1997 में आई 'बॉर्डर' ने युद्ध फिल्मों को नई पहचान दी। जेपी दत्ता की यह फिल्म 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई पर आधारित थी। सनी देओल, सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म के संवाद, गीत और युद्ध के दृश्य आज भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय हैं।

कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी 'लक्ष्य' (2004) ने सैनिक जीवन के एक अलग पहलू को दिखाया। फिल्म ने बताया कि सेना में शामिल होना केवल वर्दी पहनना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन को अपनाना है।

हाल के वर्षों में 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' (2019) और 'शेरशाह' (2021), इक्कसीस (2026) जैसी फिल्मों ने आधुनिक दौर की सैन्य कहानियों को दर्शकों तक पहुंचाया। कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन पर आधारित 'शेरशाह' ने उनके साहस और बलिदान को भावनात्मक तरीके से पेश किया।

खेल के मैदान में भी दिखा देश का गौरव

देशभक्ति केवल सीमा पर नहीं, बल्कि खेल के मैदान में भी दिखाई देती है। भारतीय सिनेमा ने इस भावना को भी खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।

'चक दे इंडिया' (2007) ने हॉकी जैसे खेल को देश के गौरव से जोड़ दिया। शाहरुख खान अभिनीत यह फिल्म भारतीय महिला हॉकी टीम की संघर्ष और जीत की कहानी थी। फिल्म का गीत 'चक दे इंडिया' आज खेल और देशभक्ति दोनों का प्रतीक बन चुका है।

इसके बाद आई 'भाग मिल्खा भाग' (2013) ने महान धावक मिल्खा सिंह की जिंदगी को दिखाया। फिल्म ने बताया कि एक खिलाड़ी की मेहनत और सफलता किस तरह पूरे देश का गौरव बन सकती है।

'मैरी कॉम' (2014) और 'दंगल' (2016) जैसी फिल्मों ने भी भारतीय खिलाड़ियों के संघर्ष को सामने रखा। इन फिल्मों ने दिखाया कि छोटे शहरों और साधारण परिवारों से निकलकर खिलाड़ी कैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करते हैं।

देशभक्ति का सफर जारी रहेगा

भारतीय सिनेमा में देशभक्ति का स्वर समय के साथ बदलता रहा है। कभी यह आजादी के आंदोलन में दिखाई दी, कभी युद्धभूमि में सैनिकों के साहस के रूप में और कभी खेल के मैदान में जीत के जश्न के रूप में।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐसी फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, बल्कि हमें याद दिलाती हैं कि देश का निर्माण केवल इतिहास की किताबों में दर्ज घटनाओं से नहीं हुआ, बल्कि लाखों लोगों के त्याग, संघर्ष और सपनों से हुआ है।

यही वजह है कि देशभक्ति पर बनी फिल्में हर पीढ़ी के लिए खास बनी रहती हैं। वे हमें अतीत से जोड़ती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा देती हैं।

खुदीराम बोस : बाल क्रांतिकारी से अमर शहीद तक

डॉ रामेश्वर मिश्र

"वंदे मातरम्! भारत माता की जय!" ये केवल शब्द नहीं थे, बल्कि उस दौर के क्रांतिकारी युवाओं के हृदय में धधकती स्वतंत्रता की ज्वाला के उद्घोष थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास असंख्य वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से निर्मित हुआ है। इन वीरों में खुदीराम बोस का नाम विशेष सम्मान और गौरव के साथ लिया जाता है।

मात्र 18 वर्ष की आयु में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले खुदीराम बोस भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन के ऐसे युवा नायक थे, जिन्होंने अपने साहस और देशभक्ति से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनका जीवन यह संदेश देता है कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के स्वाभिमान और आत्मसम्मान का प्रश्न है। मेरा जीवन देश के नाम, मेरा बलिदान देश के नाम खुदीराम बोस के जीवन की भावना को इन शब्दों में समझा जा सकता है। उनका जन्म 3 दिसंबर 1889 को बंगाल के मिदनापुर जिले के बहुवैनी गाँव में हुआ था। उनके पिता त्रैलोक्यनाथ बोस और माता लक्ष्मी प्रिया देवी थीं। बाल्यकाल में ही माता-पिता का निधन हो जाने के कारण उनका पालन-पोषण उनकी बड़ी बहन अपरूपा देवी ने किया। बचपन से ही उनमें निर्भीकता, आत्मसम्मान और अन्याय के प्रति विरोध की भावना दिखाई देती थी। उस समय भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था और अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों से भारतीय जनता में असंतोष बढ़ रहा था। बंगाल उस समय राजनीतिक और क्रांतिकारी गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका था।

1905 में बंगाल विभाजन ने भारतीय राष्ट्रीय



आंदोलन को नई दिशा दी। बंगाल विभाजन के विरोध में स्वदेशी आंदोलन प्रारंभ हुआ और "स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ" का नारा जन-जन तक पहुँचा। इसी वातावरण ने युवा खुदीराम के मन पर गहरा प्रभाव डाला। वे देशभक्ति से संबंधित साहित्य पढ़ने लगे और स्वतंत्रता आंदोलन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी के प्रचार में योगदान दिया। धीरे-धीरे उनका झुकाव क्रांतिकारी गतिविधियों की ओर बढ़ता गया। "देश गुलाम है तो युवा कैसे आराम करे?" यह भावना खुदीराम के व्यक्तित्व में स्पष्ट दिखाई देती थी। वे उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे जिसने अंग्रेजी शासन को केवल राजनीतिक व्यवस्था के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा। वे क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति से जुड़े और अपने साथियों के साथ स्वतंत्रता के लिए कार्य करने लगे। उस समय क्रांतिकारी युवाओं का विश्वास था कि ब्रिटिश शासन को चुनौती देने के लिए केवल शांतिपूर्ण विरोध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि सशक्त प्रतिरोध भी आवश्यक है। खुदीराम बोस इसी क्रांतिकारी विचारधारा के युवा प्रतिनिधि बने।

खुदीराम बोस के जीवन में न्यायाधीश डगलस किंग्सफोर्ड का प्रसंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंग्सफोर्ड कलकत्ता में चीफप्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके थे और भारतीय राष्ट्रवादियों के प्रति कठोर रवैये के लिए जाने जाते थे। बाद में उनका स्थानांतरण मुजफ्फरपुर कर दिया गया। क्रांतिकारियों ने उन्हें ब्रिटिश दमन का प्रतीक माना और उन्हें निशाना बनाने की योजना बनाई। इस कार्य के लिए खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी को चुना गया।

÷अन्याय के सामने झुकना नहीं, मातृभूमि के लिए रुकना नहीं!÷ इस संकल्प के साथ दोनों युवा मुजफ्फरपुर पहुँचे। उन्होंने कई दिनों तक किंग्सफोर्ड की गतिविधियों पर नजर रखी। 30 अप्रैल 1908 की रात यूरोपीय क्लब के बाहर एक बग्घी को किंग्सफोर्ड की बग्घी समझकर उस पर बम फेंका गया। दुर्भाग्य से उस बग्घी में किंग्सफोर्ड नहीं, बल्कि प्रिंगल कैनेडी की पत्नी और पुत्री सवार थीं और दोनों की मृत्यु हो गई। यह घटना क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास में एक दुखद अध्याय बन गई। खुदीराम और प्रफुल्ल चाकी वहाँ से निकल गए, लेकिन ब्रिटिश पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी। खुदीराम बोस लगभग 25 मील पैदल चलने के बाद वैनी रेलवे स्टेशन के निकट पहुँचे, जहाँ उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय भी उनके चेहरे पर भय के स्थान पर आत्मविश्वास दिखाई देता था। उनके पास से क्रांतिकारी साहित्य और अन्य सामग्री मिली। दूसरी ओर प्रफुल्ल चाकी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वयं को गोली मार ली। खुदीराम को मुजफ्फरपुर जेल में रखा गया और उनके विरुद्ध मुकदमा चलाया गया। "भारत माता के वीर सपूत को सलाम!" मुकदमे के दौरान खुदीराम की निर्भीकता ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। वे बहुत कम आयु के थे, लेकिन उनके भीतर असाधारण आत्मविश्वास था। अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा सुनाई। उनकी कम आयु और परिस्थितियों को देखते हुए भी औपनिवेशिक सरकार ने उन्हें क्षमा नहीं किया। इस निर्णय ने भारतीय जनता के भीतर ब्रिटिश शासन के प्रति आक्रोश को और बढ़ा दिया। 11 अगस्त 1908 को मुजफ्फरपुर जेल में खुदीराम बोस को फाँसी दे दी गई। उस समय उनकी आयु केवल 18 वर्ष के आसपास थी। कहा जाता है कि वे अत्यंत शांत और साहसी भाव से फाँसी के तख्ते की ओर बढ़े। उनके चेहरे पर भय नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव था। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमर हो गया। ÷सरफरोशी की राह पर, कदम हमारा बढ़ता जाए; भारत माता की जय का स्वर, हर दिल में गूँजता जाए!÷ खुदीराम बोस की शहादत के बाद वे बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में युवाओं के प्रेरणास्रोत बन गए। उनके नाम पर गीत लिखे गए, कविताएँ रची गईं और उनके बलिदान की गाथा गाँव-गाँव तक पहुँची। उनकी तस्वीरें युवाओं के बीच देशभक्ति के प्रतीक के रूप में लोकप्रिय हुईं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण बन गया कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन संकल्प और साहस महान हो सकते हैं। खुदीराम बोस का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के उस चरण को दर्शाता है जब युवाओं में राष्ट्रीय चेतना तेजी से विकसित हो रही थी। बंगाल विभाजन के बाद स्वदेशी आंदोलन, राष्ट्रीय शिक्षा, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और क्रांतिकारी गतिविधियों ने भारतीय युवाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वो दिन और थे,जमाने और थे, घंटों बेकरारी से तुम, इंतजार किया करते थे। बात करने को घड़ी दो घडी हमसे सारा सारा दिन इंतजार किया करते थे!! करने को इज़हार ए प्यार पहलू में दिल लिए फिरा करते थे!! मुस्कुराहट पर इक मेरी तुम जाँ निसार किया करते थे!! मंजिल भी तुम और जिंदगी भी तुम ही ये सोच के, पीछे पीछे चला करते थे!! अब.....देखो तुम एक नजर,तरसती हैं निगाहें मेरी तुम से छुप छुप कर बरसती हैं आँखें मेरी न बदले महबूब किसी का भी इस तरह'' ए अर्चना '' कि.... जैसे तुम बदले, कि....जैसे तुम बदले!

– अर्चना खण्डेलवाल

हर इंसान अपनी बात शब्दों में नहीं कह पाता। कुछ दर्द आँखों में उतर आते हैं, कुछ खामोशियाँ दिल का हाल कह जाती हैं। जो लोग सुनना जानते हैं, वे बिना बोले भी बहुत कुछ समझ लेते हैं। क्या आपने कभी किसी की ख़ामोशी में छिपी पुकार को महसूस किया है? अपना अनुभव कमेंट में ज़रूर लिखिए।

– रेनू सिंघल

ज़िंदगी का सबसे ख़ूबसूरत मोड़ वह नहीं, जब दुनिया हमें स्वीकार कर लेती है बल्कि वह है, जब हम ख़ुद को स्वीकार करके दुनिया की स्वीकृति से आज़ाद हो जाते हैं। फिर ख़ुशी कोई मंज़िल नहीं रहती। वह हमारे साथ चलने लगती है।

– अंजु डोकानिया

न जाने क्यों कभी दुनिया समझ नहीं आती कभी लगती रेशम तो कभी जंजीर नजर आती यूँ तो फैली हैं बहारें ही बहारें दुनिया में जो दे जाए दिल को सुकून वो बहार नजर नहीं आती! दूर से लगती है जो आवाज मधुर कानों को पास से क्यों सरस नजर नहीं आती पल में दिल खुश हो जाता है पल में क्यों खो जाता है जो दे जाए जीवन को एक गति वो मंजिल नजर नहीं आती।

– वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़

झारखंड के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगने के लिए कोई मुहुर्त निकलवाना पड़ेगा क्या? जवाब दो कांग्रेस के जिम्मेदार नेता जवाब दो या सार्वजनिक रूप से स्वीकार करो कि कांग्रेस नेतृत्व किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उठाने लायक नहीं है। – **नवीन शंकर शर्मा**

प्रेस के सामने मुंह खुलता है ससंदभवन से भागता है बहस करने के समय झारखंड पर चुपचाप बैठ गये गिद्ध जतंरमंतर पर सभी को चढी थी फिक्र छात्रो क्योंकि बुरा बनाया जा रहा था मोदी सरकार को अब बारी आई तो पप्पू और टोटीचोर और खुजली सब फरार है।

– आशुतोष श्रीवास्तव

माँ के आँचल में खेला, माँ की गोद में ही खाया था, हाय बचपन का वो दौर कितना खूबसूरत पाया था,, वक्त बदला, दुनियाँ बदली, और बदल गये हालात- आज भी दिल रो पड़ता है कि कैसा बचपन आया था,, दुआ है रब हे भगवन लौटा दे मेरे पुराने सुहाने दिन- माँ की कोख से आकर इस धरा पर जो पाया था,, माँ के आँचल में खेला, माँ की गोद में ही खाया था, हाय बचपन का वो दौर कितना खूबसूरत पाया था। – **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपको आज मध्यान तक धैर्य धारण करने की आवश्यकता है। मध्यान तक जोभी कार्य करेंगे उसमे धन अथवा समय बर्बाद होने की संभावना अधिक रहेगी।

वृष: आज मध्यान तक का समय मानसिक रूप से अशांति वाला रहेगा। घर और कार्य क्षेत्र में तालमेल बैठाने में खासी परेशानी आएगी।

मिथुन: आज के दिन बीते दिन की तुलना में धैर्य कम रहेगा। जो भी कार्य करेंगे उसका परिणाम शीघ्र ना मिलने पर अधीर हो उठेंगे। चर्म रोग, अथवा जुखाम से परेशानी हो सकती है।

कर्क: आज दिन का अधिकांश समय समय खयाली पुलाव पकाने में व्यर्थ करेंगे। मन मे योजनाए बड़ी बड़ी बनाएंगे लेकिन इनको साकार करना सपना देखना जैसा रहेगा। धन एव सहयोग की कमी आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी।

सिंह: आज के दिन आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। मध्यान तक का समय कार्यो के प्रति लापरवाही में बीतेगा इसके बाद कोई आवश्यक कार्य पूर्ण करने में व्यस्त हो जाएंगे।

कन्या: आज भी आपका स्वभाव साथ वालो के लिये परेशानी खड़ी करेगा। बात बात में शक करने की आदत प्रेम संबंधों में खटास लाएगी।

तुला: आज का दिन आपको लाभ के अवसर उपलब्ध कराएगा। कार्य व्यवसाय में लाभ कमाने के लिये सही गलत का विचार नही करेंगे किसी का टोकना अखरेगा।

वृश्चिक: आज के दिन आपका ध्यान उलझे घरेलू मामलों को निपटाने पर अधिक रहेगा सन्तानो के साथ घर के अन्य सदस्यों की समस्याओं का मिल बैठकर समाधन करेंगे।

धनु: आज के दिन आप धर्म कर्म के प्रति विशेष ध्यान देंगे मन मे आध्यात्मिक भाव और भय दोनो रहेंगे। दिन का आरंभिक भाग मानसिक रूप से शांत रहेगा। माता अथवा किसी स्त्री वर्ग की सेहत चिंता का विषय रहेगी।

मकर: आज दिन का आरंभिक भाग बेचैनी वाला रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे लेकिन लापरवाही के चलते कोई नई समस्या खड़ी होगी।

कुंभ: आज का दिन भागदौड़ में बीतेगा दिन का पहला भाग पूजापाठ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में लगाएंगे इससे कुछ समय के लिये आत्म शान्ति अनुभव होगी।

मीन: आज का दिन व्यर्थ की उठापटक में बीतेगा जिस कार्य को करना चाहिये उसमे लापरवाही करेंगे ।

QUIZ TIME

1. कृत्रिम उपग्रह में विद्युत ऊर्जा का स्रोत क्या होता है?
2. किस भी भारतीय बैंक द्वारा कतर में पहली शाखा स्थापित की गई है?
3. मुलगाओ केलबाई पेठ उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4. किस तोमर शासक को दिल्ली शहर को स्थापित करने का श्रेय प्राप्त है?
5. हाल ही में पारंपरिक मार्शल आर्ट्स के लिए पद्म श्री से सम्मानित के पजनिवेल किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से हैं?

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -129

मंत्री राजवाड़े की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में लगभग एक हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा शासकीय कन्या हाई स्कूल, बिश्रामपुर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक तक पहुंची और निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। करीब दो किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे स्कूली छात्र-छात्राएं, नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों और नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने आयोजन को विशेष उत्साह और गरिमा प्रदान की। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान-शान का प्रतीक है और हर नागरिक का दायित्व है कि वह तिरंगे के सम्मान तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ बनाए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और जनभागीदारी का व्यापक जनआंदोलन है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में 'नशा मुक्त भारत अभियान' एवं 'मिशन स्पंदन' के संयुक्त तत्वावधान में "10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान" के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने हाथ आगे बढ़ाकर जीवन भर नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ ली।ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय प्रशासन को अभियान में सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों ने '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा' से संबंधित पोस्टर और पम्फ्लेट प्रदर्शित कर 'विकसित भारत' के निर्माण में नशा मुक्ति के महत्व पर जोर दिया।

न्यूज गैलरी

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी स्वतंत्रता दिवस पर रायगढ़ में करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिला मुख्यालय में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे प्रातः 9 बजे शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन किया जाएगा।झझ स्वतंत्रता दिवस समारोह में रायगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन राष्ट्रभक्ति, शहीदों के त्याग और देश के विकास के प्रति संकल्प की भावना को समर्पित होगा।

प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 4 परिवारों को कुल 16 लाख की मिलेगी आर्थिक सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड-6 क्रमांक-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदाओं एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी क्रम में जशपुर जिले में प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 4 प्रकरणों में प्रभावित परिजनों के लिए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि शासन के नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू से प्राप्त के अनुसार तहसील सन्ना के ग्राम चम्पा निवासी स्वर्गीय हनुमान, पिता कोतो राम की 05 सितंबर 2022 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक के निकटतम वैध वारिस उनके चचेरे भाई श्री डबलू राम को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील दुलदुला के ग्राम लोरो निवासी स्वर्गीय आलिशा बाई पिता श्री जयनंदन राम की 02 जुलाई 2024 को सांप काटने की वजह से मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वैध वारिस उनकी पिता श्री जयनंदन राम को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार से तहसील मनोरा के ग्राम भीमसेला निवासी स्वर्गीय प्रदीप तिर्की, पिता श्री अंधेरियस तिर्की की 01 मई 2024 को बांध के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतिका के निकटतम वैध वारिस उनके पिता श्री अंधेरियस तिर्की एवं उनकी पुत्री निशा तिर्की और मनीषा तिर्की को संयुक्त रूप से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। तहसील बगीचा के ग्राम रेंगोला निवासी स्वर्गीय अनिस टोप्पो, पिता श्री अंकित टोप्पो की 05 अप्रैल 2026 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वैध वारिस उनकी माता श्रीमती साधना टोप्पो एवं पिता श्री अंकित टोप्पो को संयुक्त रूप से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

नेशनल हाईवे-45 पर छतौना के पास मरम्मत कार्य जारी, मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह चालू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गौरेला-बिलासपुर नेशनल हाईवे -45 पर यातायात पूरी तरह चालू है और जहां अतिवृष्टि के कारण सड़क सतह को नुकसान पहुंचा था, वहां मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर जारी है। परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है और अब तक 58 प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंवची-रतनपुर मार्ग (रा.रा. क्र.-45) के किमी 290.000 स्थित ग्राम छतौना के पास, जहां टोल प्लाजा का निर्माण प्रस्तावित है, वर्तमान में त्स्क्क(ग्रेन्युलर सब-बेस) लेयर का कार्य पूरा हुआ है। बीते दिनों हुई भारी बारिश (अतिवृष्टि) और अत्यधिक संख्या में भारी वाहनों के आवागमन के कारण इस विशेष हिस्से की सड़क सतह को क्षति पहुंची थी।

सरगुजा-बस्तर संभाग में नई बैंक शाखाएं खोलने व ऋण उपलब्धता बढ़ाने पर जोर

- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्य सचिव के निर्देश
- किसानों को केसीसी पर शीघ्रता से लोन दिलायें

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रालय (महानदी भवन) में मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) की 102वीं एवं 103वीं संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मार्च 2026 और जून 2026 की तिमाहियों के दौरान राज्य में बैंकिंग सेवाओं, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन तथा केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार और सरकारी हितग्राही योजनाओं में वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

किसानों को त्वरित केसीसी लोन

किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के माध्यम से शीघ्रता से लोन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पशुपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों के लिए भी केसीसी वितरण की समीक्षा की गई। किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ट्र) योजना किसानों को खेती, पशुपालन और मछली पालन के लिए बेहद कम ब्याज (मात्र 4त्न) पर आसान लोन देती है। बिना किसी गारंटी के मिलने वाले इस लोन की सीमा को बढ़ाकर अब 2 लाख कर दिया गया है, जबकि कुल ऋण सीमा को 5 लाख तक किया गया है।

बस्तर और सरगुजा संभाग पर विशेष ध्यान

राज्य के बस्तर और सरगुजा संभागों में बैंकिंग सेवाओं की सीमित पहुंच को देखते हुए, वहां नई बैंक शाखाएं खोलने और स्थानीय स्तर पर ऋण उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वित्तीय सेवा विभाग के मानकों के अनुसार, बिना बैंकिंग सुविधा वाले गांवों में 5 किलोमीटर के दायरे के भीतर बैंकिंग सेवाएं (शाखाएं या बीसी एजेंट) उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं को दें प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आवास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत प्राप्त ऋण आवेदनों का बिना किसी बाधा के त्वरित निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि ऋण प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग और समीक्षा की जाए।

वार्षिक ऋण योजना एवं सामाजिक सुरक्षा

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक ऋण योजना के तहत बैंकों के प्रदर्शन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (RSETI) की गतिविधियों, जिला परामर्शदात्री समिति की बैठकों और वित्तीय साक्षरता सलाहकारों की नियुक्ति से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), नाबार्ड (NABARD) के प्रतिनिधियों सहित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सदस्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

दरभा में 'मैं चंदा... जंगल की शिल्पकार हूं' का विमोचन

- जंगल और हाथियों की कहानी को मिली आवाज

रायपुर/जगदलपुर। बस्तर के दरभा में आयोजित हरेली बर्ड फेस्टिवल में पत्रकार एवं लेखक दिनेश यदु की पुस्तक 'मैं चंदा... जंगल की शिल्पकार हूं' का विमोचन वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने किया। हाथियों के जीवन, जंगल और प्रकृति के साथ उनके रिश्ते को केंद्र में रखकर लिखी गई यह पुस्तक जंगल के वन्यजीवन की संवेदनशील कहानी सामने लाती है। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन के साथ पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व पर भी चर्चा हुई।

हाथी सिर्फ वन्यजीव नहीं, जंगल के शिल्पकार

पुस्तक में हाथी को केवल एक वन्यजीव के रूप में नहीं, बल्कि जंगल के प्राकृतिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जीव के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 'चंदा' के माध्यम से हाथियों के जीवन, उनके व्यवहार, जंगल से जुड़ाव और इंसानों के साथ बदलते रिश्ते को संवेदनशीलता से सामने लाने का प्रयास किया गया है।

प्रकृति से जुड़ी दिनेश यदु की तीसरी पुस्तक

'मैं चंदा... जंगल की शिल्पकार हूं' दिनेश यदु की तीसरी पुस्तक है। इससे पहले 'मैं अगहन हूं' का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। वहीं 'जंगल की निःशब्द रानी' का विमोचन विश्व बाघ दिवस के अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने किया था। उनकी लेखनी में जंगल, वन्यजीव और प्रकृति लगातार प्रमुख विषय रहे हैं।

'गज संकेतक' ऐप भी हुआ लॉन्च

हरेली बर्ड फेस्टिवल में मानव-हाथी द्वंद्व को कम करने के उद्देश्य से 'गज संकेतक' मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया। बस्तर की प्राकृतिक विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन और बस्तर पहाड़ी मैना के संरक्षण पर विशेष प्रस्तुति भी हुई। वन्यजीव संरक्षण में योगदान देने वाले हाथी मित्र, मैना मित्र और गिद्ध मित्र दल के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का सफल उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, बीमारियों की शीघ्र पहचान और उन्हें समय पर उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों ने तीन परिवारों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। धमतरी जिले की चिरायु टीम-बी मगरलोड की सतर्कता और तत्परता से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित तीन बच्चों की समय रहते पहचान हुई और उन्हें विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया गया। चिरायु टीम-बी मगरलोड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान केरिना कंवर (15 वर्ष), कुमकुम साहू (3 वर्ष) एवं युवेश कमार (9 वर्ष) में संभावित जन्मजात हृदय रोग के लक्षण पाए गए। टीम ने बिना विलंब किए बच्चों को आवश्यक जांच एवं विशेषज्ञ उपचार के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी हॉस्पिटल, रेफर किया तथा उपचार प्रक्रिया में आवश्यक समन्वय और फॉलोअप सुनिश्चित किया। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय जांच एवं परीक्षण किए गए। जांच में जन्मजात हृदय संबंधी समस्या की पुष्टि होने के बाद तीनों बच्चों को सर्जिकल उपचार की आवश्यकता बताई गई। चिकित्सकों की देखरेख में तीनों बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। उपचार के पश्चात बच्चों के स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया।

तिरंगा यात्रा के दूसरे दिवस माँ दंतेश्वरी की पूजा कर उप मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री ने किया यात्रा का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। तिरंगा यात्रा के दूसरे दिवस उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात दंतेवाड़ा बस स्टैंड में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के 211 सर्वोच्च बलिदानी वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि बस्तर की जनता, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों के अमूल्य सहयोग से आज नक्सलवाद का खात्मा संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा उन क्षेत्रों से गुजर रही है, जहां कभी नक्सल आतंक के कारण पहुंचना भी मुश्किल था। आज उन्हीं क्षेत्रों में पूरे गौरव और उत्साह के साथ तिरंगा लहराया जा रहा है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आमजनों से अपने घरों में तिरंगा लगाने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की।

सांसद महेश कश्यप ने बताया ऐतिहासिक गर्व का क्षण

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह यात्रा उन क्षेत्रों से गुजर रही है, जहां कभी वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था और नक्सल आतंक के चलते जहां किसी का पहुंचना संभव नहीं था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सफल मार्गदर्शन में नक्सलवाद का खात्मा हुआ है और इन क्षेत्रों में विकास तथा राष्ट्रभक्ति का नया वातावरण बना है। इस दौरान विधायक चौतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, सहित जनप्रतिनिधि बस्तर आईजी बद्रीनाथ मीणा, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, डीएफओ रामकृष्ण रंगनाथ वाय एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

विश्व हाथी दिवस पर हाथी संरक्षण और सुरक्षित सह-अस्तित्व का दिया संदेश

- 'गज संकेत' ऐप का शुभारंभ, हाथी मित्र दल को टी-शर्ट और टॉर्च वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व हाथी दिवस हाथियों के प्राकृतिक आवास की रक्षा, शिकार को रोकने और मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए दुनिया भर में जागरूकता फैलाता है। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र में हाथी संरक्षण, हाथी-मानव द्वंद्व की रोकथाम और जन-जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाथियों के कारण जनहानि से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

जिला प्रशासन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और वन विभाग ने हाथी-मानव द्वंद्व से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही प्रभावित परिवारों को रोजगार और आजीविका के साधनों से जोड़ने तथा पात्र मामलों में शासन के प्रावधानों के अनुसार समय पर मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही गई।

हाथी-मानव द्वंद्व की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले हाथी मित्र दल के सदस्यों को टी-शर्ट और टॉर्च वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हाथियों और लोगों के बीच सुरक्षित सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना, जनहानि की घटनाओं को कम करना और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत, वन सभापति श्रीमती राधा रैदास, जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और हाथी मित्र दल के सदस्य उपस्थित रहे ।

हाथी और मानव दोनों की सुरक्षा है प्राथमिकता

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि हाथियों और लोगों की सुरक्षा प्रशासन और वन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इंसानों और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने के लिए सकारात्मक विकल्प तलाशना है द्य उन्होंने कहा कि हाथी-मानव द्वंद्व को कम करने के लिए प्रशासन, वन विभाग, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हाथियों की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें, हाथियों के पास न जाएं और उन्हें किसी भी तरह से परेशान न करें।

'गज संकेत' ऐप से मिलेगी समय पर जानकारी

वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी और गश्त की जा रही है। कार्यक्रम में 'गज संकेत' ऐप का शुभारंभ किया गया। इस ऐप के माध्यम से हाथियों की उपस्थिति और गतिविधियों की जानकारी तुरंत साझा की जा सकेगी, जिससे समय पर सतर्कता और आवश्यक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत कांकेर के अंदरूनी क्षेत्रों में सोलर पंपों से पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जिन गांवों में पहले पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं आज सोलर पंपों से स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल प्रत्येक घर में पहुंच रहा है। कुछ साल पहले ग्रामीण महिलाओं को पानी भरने के लिए काफी दूर चलना पड़ता था, कुओं व हैण्डपंपों पर घंटों लाइन लगानी पड़ती थी, लेकिन आज स्थिति बेहतर हो गई है। कांकेर के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के वनांचल ग्राम बिर्रेबेड़ा में जल जीवन मिशन के तहत 2 सोलर पेयजल पंपों की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा की गई है। सोलर पंपों की स्थापना से ग्रामीणों को गंदे पानी की समस्याओं से मुक्ति मिली है। सोलर ड्यूल पंप की स्थापना से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

न्यूज गैलरी

स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को

उत्तर बस्तर कांकेर / नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ में जिला मुख्यालय के सभी स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी, खिलाड़ी, मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकार, गणमान्य नागरिक और आम जनता भाग ले सकेंगे। दौड़ का आयोजन शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय मार्ग, ऊपर-नीचे रोड, भारतीय स्टेट बैंक, गिल्ली चौक, पुराना बस स्टैंड तथा शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय के पास स्थित जयस्तंभ चौक होते हुए मिनी स्टेडियम नया बस स्टैण्ड कांकेर के खेल मैदान में दौड़ का समापन होगा।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा स्वतंत्रता समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

उत्तर बस्तर कांकेर / नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पीएम श्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षामंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उनके द्वारा जिला स्तरीय समारोह में जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया जाएगा।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों और नागरिकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट में प्रदर्शन करने वाले दलों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

आपदा प्रबंधन: टेबल टॉप एक्सरसाइज 18 अगस्त व मॉक एक्सरसाइज 20 अगस्त को

उत्तर बस्तर कांकेर / नवप्रदेश। बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाढ़ से निबटने के लिए राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण (मॉक एक्सरसाइज) विषय पर राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। उक्त वीसी में विभाग के आला अधिकारियों के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें बाढ़ नियंत्रण कक्ष का संचालन आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, राहत शिविर की पहचान, आपात सहायक हेतु स्थल चयन, स्वास्थ्य केन्द्र, अन्य निकासी मार्ग, खोज एवं बचाव, नुकसान का आंकलन, राहत एवं पुनर्वास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उक्त वीसी में कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में जिले के आपदा प्रबंधन विभाग की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रानू मैथ्यूज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण एजेण्डावार प्राप्त किया। इस संबंध में जिले की नोडल अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इसके लिए प्रत्येक संबंधित विभाग में विभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसके तहत आगामी 18 फरवरी को टेबलटॉप एक्सरसाइज सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य तथा जिला स्तर पर 20 अगस्त को मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी।

जिले के 74 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए रवाना

उत्तर बस्तर कांकेर / रामलला दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत कांकेर जिले से श्रद्धालुओं का दल मंगलवार 11 अगस्त को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा में 72 दर्शनार्थियों के साथ 02 अनुरक्षक सहित कुल 74 यात्रियों को आजीविका महाविद्यालय, गोविंदपुर कांकेर से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी श्रद्धालुओं ने 12 अगस्त को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए यात्रा प्रारंभ की, जहां वे श्री रामलला के दर्शन का लाभ प्राप्त कर 15 अगस्त को वापस आजीविका महाविद्यालय गोविंदपुर कांकेर आएंगे। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक, श्री दिनेश रजक, श्री पंकज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ

किरंदुल / नवप्रदेश। मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की दिशा में पहल करते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं अस्पताल स्टाफने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दिया।इस अवसर पर सीएमओ डॉ. एम. वी. लाल ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आग्रह किया।

नियमित रक्तदान से जरूरत के समय मिलती है मदद-शिविर के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सलिल भी उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नियमित अंतराल पर इस प्रकार के रक्तदान शिविर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि आपात स्थिति में मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

■ **ध्वजारोहण, मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया प्रदर्शन**

उत्तर बस्तर कांकेर / नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय मुख्य समारोह नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए आज अंतिम रिहर्सल किया गया, मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी दी।

गुरुवार को प्रातः 09 बजे से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल प्रारंभ हुआ, जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मुख्य मंच पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा जिप्सी पर सवार होकर परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्री निखिल राखेचा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी उनके साथ मौजूद थे। परेड निरीक्षण पश्चात् जिला पुलिस बल, नगरसेना के जवान, जिला पुलिस महिला प्लाटून, बस्तर फाइटर्स महिला प्लाटून, वनरक्षक, शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक-बालिका, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इत्यादि शैक्षणिक संस्थाओं के एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड कैडेट्स की 12 प्लाटूनों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया गया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा पीटी का एक लय में प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात नेताजी सुभाषचंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय बेवरती, सरस्वती शिशु मंदिर गढ़पिछवाड़ी, पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर, शहीद रामकुमार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या आश्रम सिंगारभाठ और नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) श्री आकाश श्रीमाल, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री योगेश साहू, एसडीएम श्रीमती सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री के.के. सरल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण एवं विभिन्न विभागों अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अंतागढ़- नारायणपुर मार्ग पर 10-14 घंटे तक जाम, आम नागरिकों की बढ़ी परेशानी

सड़क निर्माण पूर्ण होने तक रावघाट एवं अमदई माइंस के भारी वाहनों का संचालन बंद हो : शिव पोटाई

अंतागढ़ / नवप्रदेश। अंतागढ़ नारायणपुर मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य जारी होने के कारण मार्ग कई स्थानों पर अत्यंत संकरा, कीचड़युक्त एवं जाम की समस्या से प्रभावित है। इसके बावजूद रावघाट माइंस एवं अमदई माइंस के भारी ट्रकों और हाईवा वाहनों का संचालन पुनः शुरू कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

आम आदमी पार्टी अंतागढ़ के जिला महासचिव शिव पोटाई ने कहा कि इस मार्ग पर प्रतिदिन आम नागरिकों को 10 से 14 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, मरीजों, शासकीय कर्मचारियों, व्यापारियों तथा अन्य यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार स्कूली बच्चों एवं शासकीय कर्मचारियों को जाम के कारण घर पहुंचते-पहुंचते शाम 7 बजे तक का समय हो जाता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी गंभीर कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया था कि सड़क निर्माण पूर्ण होने तक बीएसपी की रावघाट माइंस एवं अमदई माइंस के भारी वाहनों का अंतागढ़ङ्कनारायणपुर मार्ग पर संचालन नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन भी दिया गया था तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय अंतागढ़ से भी आदेश पारित किया गया था।

इसके बावजूद वर्तमान में माइंस के भारी वाहनों का संचालन पुनः शुरू होना प्रशासनिक आदेश एवं पूर्व में लिए गए जनहित के निर्णय की अवहेलना है। संकरे और निर्माणाधीन मार्ग पर भारी वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।

हमारी प्रमुख मांगें-अंतागढ़ नारायणपुर मार्ग का सड़क निर्माण पूर्ण होने तक रावघाट माइंस एवं अमदई माइंस के सभी भारी वाहनों का संचालन तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद किया जाए।

पूर्व में पारित प्रशासनिक आदेश एवं जनहित में दिए गए निर्णय का कड़ाई से पालन कराया जाए।

सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए।

निर्माणाधीन मार्ग पर आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन के लिए तत्काल आवश्यक व्यवस्था की जाए।

दो दिन में कार्रवाई नहीं तो तीसरे दिन से चक्काजाम

शिव पोटाई ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि ज्ञापन प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर यदि अंतागढ़ङ्कनारायणपुर मार्ग पर रावघाट माइंस एवं अमदई माइंस के भारी वाहनों का संचालन बंद नहीं किया गया, तो तीसरे दिन से समस्त क्षेत्रवासियों के साथ अंतागढ़ङ्कनारायणपुर मार्ग पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन आम जनता की सुरक्षा, सुगम आवागमन और सड़क निर्माण पूर्ण होने तक भारी वाहनों के संचालन पर रोक की मांग को लेकर किया जाएगा। आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। उपस्थित सुनहेर हिड़को भुनेश मरकाम राजेश हुपेंडी संतोष चैनु विश्राम मरकाम नीरजन आदि ।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उल्लास महा-चौपाल का आयोजन

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष (कार्यकारिणी) जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बीजापुर श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर जिले में उल्लास महा-चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं किया है। इस वर्ष 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आजादी के जश्न को साक्षरता के उल्लास के रूप में मनाया जाना है।

तिरंगे की शान में गूंजा किरंदुल, भारत माता के जयघोष से देशभक्ति के रंग में रंगी लौहनगरी

किरंदुल/ नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लेकर निकले भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। पूरी लौहनगरी ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम्÷ और ÷हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा÷ के जयघोष से गूंज उठी।

तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह, कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी, मंडल महामंत्री विक्रम नाहक, मोहित धवन, आरसी नाहक, जयदीप माकन, भारतीय मजदूर संघ के बी. दिल्ली राव, राजेन्द्र यादव सहित भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनता युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल हुए।

यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर पूरे उत्साह और उमंग के साथ देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगे से सजे वातावरण में बच्चों और युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने और राष्ट्रहित के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा ने नगरवासियों में देशप्रेम की भावना को और प्रबल करते हुए स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को नई ऊर्जा प्रदान की।

कांकेर विधायक की अगुवाई में माकड़ी चौक से बेवरती तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

कांकेर/ नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को कांकेर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कांकेर विधायक की अगुवाई में माकड़ी चौक से बेवरती तक निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, युवा, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ यात्रा में सहभागिता की।

तिरंगा यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लहराते तिरंगे और गूंजते राष्ट्रभक्ति के नारों ने वातावरण को देशप्रेम से भर दिया। युवाओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल भारत का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के गौरव, एकता, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान और देश की अखंडता की भावना तिरंगे से जुड़ी हुई है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दे।

यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। आयोजन ने क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

तिरंगा हमारी शान है, भारत हमारा अभिमान है। वंदे मातरम्! भारत माता की जय!

विभाजन की विभीषिका पर छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक आशाराम नेताम ने किया शुभारंभ

कांकेर/ नवप्रदेश। । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कांकेर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट परिसर में 'हर घर तिरंगा', 'वंदे मातरम्' और 'भारत विभाजन की विभीषिका-स्मरण दिवस' विषय पर तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम ने किया। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी 13 से 15 अगस्त तक आम नागरिकों के अवलोकन के लिए लगाई गई है।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विधायक श्री आशाराम नेताम ने कहा कि भारत का विभाजन देश के इतिहास का सबसे पीड़ादायक अध्याय रहा है। 14 अगस्त 1947 को हुए विभाजन ने तत्कालीन अखंड भारत के लोगों को गहरा दर्द दिया। विभाजन के दौरान अनेक स्थानों पर दंगे, हिंसा और वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसका दंश लाखों लोगों को झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी उस दौर की परिस्थितियों, विस्थापितों की पीड़ा और विभाजन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को समझने का अवसर प्रदान करती है।

विधायक ने कहा कि अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति ने देश में सामाजिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दिया। विभाजन के बाद बड़ी संख्या में लोगों को अपना घर-बार छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को देश के इतिहास के इस महत्वपूर्ण दौर से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि वे स्वतंत्रता के मूल्य और देश की एकता एवं अखंडता के महत्व को समझ सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस' के माध्यम से देशवासियों को विभाजन के दौरान झेली गई पीड़ा और संघर्षों से अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्रों के माध्यम से उस दौर की घटनाओं और विस्थापितों की पीड़ा को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी में 'हर घर तिरंगा' और 'वंदे मातरम्' की थीम पर आधारित छायाचित्र भी लगाए गए हैं। इस दौरान श्री प्यारसिंह मंडावी एवं उनके साथ आए ग्रामीण श्री रूपराम कोमरा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास को जानना प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' ने देशवासियों और क्रांतिकारियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का काम किया।

कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी को देखने के लिए जिले के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों और नागरिकों ने भी उत्साह दिखाया। लोगों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित ऐतिहासिक छायाचित्रों का अवलोकन कर इसे सार्थक और वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक बताया। तीन दिनों तक चलने वाली यह प्रदर्शनी नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को देश के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन तथा विभाजन की पीड़ा से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल

बीजापुर/ नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल बीजापुर के मिनी स्टेडियम में कलेक्टर श्री विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक श्री उमेश प्रसाद गुप्ता की मौजूदगी में आयोजित हुआ। अंतिम रिहर्सल के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम सुबह 09 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ जिसमें सीआरपीएफ, नगर सेना, जिला बल, बस्तर फाइटर्स सहित एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास स्काऊट गाईड के टुकड़ियों ने परेड को सलामी दी। अंतिम रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि का आगमन, मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मुख्य अतिथि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन, गुब्बारा, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिवारों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण सहित सम्पूर्ण गतिविधि की गई।

डीएमएफ और विभागीय योजनाओं की मदद से सुगंधित जवाफूल की खेती को मिल रहा विस्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा क्षेत्र की पहचान बन चुके सुगंधित जवाफूल धान की खेती को विस्तार देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किसानों को निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। डीएमएफ मद और विभागीय योजनाओं के माध्यम से किसानों को हरी खाद के लिए ढैंचा बीज, जैविक तरल खाद तैयार करने के ड्रम, पैडी ट्रांसप्लांटर, माइक्रो न्यूट्रिएंट सहित विभिन्न कृषि आदान अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में जवाफूल की खेती का रकबा बढ़ने के साथ किसानों को बेहतर बाजार और मूल्य की संभावनाएं मिल रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा जवाफूल की खेती के विस्तार के लिए इस वर्ष डीएमएफ मद से लगभग 48 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इसके माध्यम से करीब 1200 किसानों को सुगंधित जवाफूल की खेती के लिए हरी खाद के रूप में ढैंचा बीज वितरित किया गया है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं के तहत आवश्यक कृषि आदान भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य लैलूंगा की पारंपरिक सुगंधित धान किस्म को संरक्षित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ना और उनकी आय के नए अवसर विकसित करना है। लैलूंगा निवासी मुक्तेश्वर प्रधान बताते हैं कि वे इस वर्ष करीब दो एकड़ में सुगंधित जवाफूल धान की खेती कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से उन्हें ढैंचा बीज सहित कृषि आदानों के लिए अनुदान सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि इससे जवाफूल की खेती को बढ़ावा देने में काफी मदद मिल

रही है। इसी तरह किसान गणेशराम पटेल इस वर्ष तीन एकड़ में सुगंधित जवाफूल की खेती कर रहे हैं। उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हरी खाद के लिए ढैंचा बीज तथा अन्य कृषि सामग्रियों के लिए अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। वे बताते हैं कि प्रशासन के सहयोग से जवाफूल की खेती को बड़े क्षेत्र में करने का अवसर मिला है। किसान निराकार प्रधान बताते हैं कि वे पहले मोटे धान की खेती करते थे, लेकिन अब जिला प्रशासन के सहयोग से जवाफूल की खेती कर रहे हैं। उन्हें आर्थिक सहायता के साथ ढैंचा बीज और अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उत्पादित जवाफूल चावल को उन्होंने करीब 150 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया था। बेहतर मूल्य मिलने से इस वर्ष उन्होंने भी जवाफूल की खेती को अपनाया है। लैलूंगा में जवाफूल की खेती को बढ़ावा देने के साथ जैविक एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धति को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान जवाफूल की खेती में जैविक खाद और हरी खाद का उपयोग कर रहे हैं। इसके लिए किसानों को ढैंचा बीज उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे खेत में हरी खाद तैयार कर उसका उपयोग कर सकें। जैविक खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और उनकी खरीद पर होने वाले खर्च में बचत करने में किसानों को मदद मिल रही है। किसानों के अनुसार जैविक खाद के उपयोग से खेती की लागत को नियंत्रित करने के साथ खेत की मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

न्यूज गैलरी

हरेली की हरियाली से छत्तीसगढ़ की खुशहाली का संदेश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं विधायक अम्बिकापुर राजेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली

तिहार पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि हरेली का पावन पर्व प्रदेश के प्रत्येक घर-परिवार में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए तथा छत्तीसगढ़ में हरियाली और विकास की नई ऊर्जा का संचार करे। अग्रवाल ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति से गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। यह पर्व किसान जीवन की उस परंपरा को सामने लाता है, जिसमें कृषि उपकरणों, पशुधन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव निहित है। किसान परिवार हरेली पर कृषि उपकरणों की पूजा कर अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। गौवंश के प्रति सम्मान तथा कृषि उपकरणों की पूजा हमारी ग्रामीण संस्कृति की संवेदनशीलता और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन का संदेश देती है।

भाईचारे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

रामानुजगंज/नवप्रदेश। देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव, एकता और भाईचारे के संदेश के साथ बुधवार को श्रीराम मंदिर परिसर स्थित योगकक्षा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। योगसाधकों एवं देशभक्त साथियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा श्रीराम मंदिर परिसर स्थित योगकक्षा से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए गांधी चौक पहुँची। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों और उत्साह के बीच निकली यात्रा ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। तिरंगे की शान और देश के प्रति सम्मान का यह दृश्य सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।गौरतलब है कि अर्चना वाजपेई एवं ज्ञानेंद्र वाजपेई द्वारा विगत कई महीनों से रामानुजगंज के लोगों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और राष्ट्रभावना से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन में शामिल सभी योगसाधकों एवं देशभक्त साथियों के प्रति आयोजकों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान देश के प्रति सम्मान, एकता और भाईचारे का संदेश प्रमुखता से सामने आया।

महापौर मंजूषा की मां की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर निगम अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत की मां की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आया है, जिसके बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। महापौर की मां को अस्पताल के

आईसीयू में रखा गया है, जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। मां की गंभीर स्थिति को लेकर महापौर मंजूषा भगत भी भावुक नजर आईं। परिवार की ओर से फिलहाल उनके स्वास्थ्य को लेकर अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

भाजपा महिला मोर्चा जुटा रहा रक्षा सूत्र, कॉलेज ने भेंट की राखियां

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के अवसर पर सीमा पर तैनात भारतीय सेना के जवानों तक सरगुजा की बहनों का स्नेह और सम्मान पहुंचाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रक्षा सूत्र-राखी संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े के नेतृत्व में कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों से राखियां एकत्र कर रहे हैं। अभियान के तहत साईं बाबा कॉलेज प्रबंधन की ओर से सेना के जवानों के लिए रक्षा सूत्र भेंट किए गए। इन्हें प्राप्त करने पहुंचीं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने कॉलेज प्रबंधन का आभार जताया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. वंदना पांडेय एवं स्टाफ मौजूद रहा।

जांच दल को ग्रापं नर्मदापुर में 2.70 करोड़ की गड़बड़ी मिली

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जपं मैनपाट के ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सचिव सिद्धार्थ प्रजापति के विरुद्ध विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के सम्बंध में कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सीतापुर की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय जांच दल का गठन कर जांच की कार्यवाही की गई। जांच का मुख्य विषय ग्राम पंचायत नर्मदापुर के मूलभूत, 15वें वित्त योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य निर्माण कार्य की राशि वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक मनमाने ढंग से बिना ग्रामसभा के अनुमोदन तथा कार्यस्थल पर बिना कार्य किये राशि शत-प्रतिशत आहरण कर लगभग 2 करोड़ 70 लाख का दुरुपयोग/गबन कर अपने निजी स्वार्थ के लिये राशि का उपयोग किया जाना के संबंध में जांच की कार्यवाही की गई।

राजस्व-वन विभाग ने खसरा व वन भूमि का किया निरीक्षण

नई बस्ती को आबादी भूमि घोषित करने की मांग, अधिकारियों ने दिलाया भरोसा

घरघोड़ा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बरौद के नया बस्ती में निवासरत परिवारों की भूमि एवं मूलभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर राजस्व विभाग एवं वन विभाग, घरघोड़ा की संयुक्त टीम ने नया बस्ती पहुंचकर स्थल निरीक्षण एवं मौका जांच की। अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर बस्ती की वर्तमान स्थिति, भूमि की प्रकृति, निवासरत परिवारों की स्थिति तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। संयुक्त निरीक्षण दल में राजस्व विभाग की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) प्रवीण कुमार तिवारी, तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता, पटवारी दुतीराम सिदार तथा वन विभाग की ओर से तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी घरघोड़ा चन्द कुमार राठिया, डिप्टी रेंजर ललित कुमार भगत एवं वनरक्षक जोन केरकेट्टा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी

उपस्थित रहे।संयुक्त टीम द्वारा नया बस्ती स्थित राजस्व अभिलेख में दर्ज खसरा क्रमांक 11/1 तथा वन अभिलेख में दर्ज कक्ष क्रमांक 1286 (प्रोजेक्ट फॉरेस्ट) का मौके पर निरीक्षण किया गया। इस दौरान भूमि की वास्तविक स्थिति, बस्ती के विस्तार, वर्तमान आवासीय स्थिति तथा उपलब्ध नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया गया। वर्तमान में नया बस्ती में लगभग 160 परिवार एवं करीब 700 की आबादी निवासरत बताई गई है।

* नया बस्ती संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में ग्राम सभा द्वारा प्रस्ताव पारित कर पूर्व में आवेदन एवं ज्ञापन प्रस्तुत किए जा चुके हैं तथा संबंधित विभागों के साथ आवश्यक पत्राचार भी किया गया है। इसी क्रम में संयुक्त स्थल निरीक्षण को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अधिकारियों ने दिया मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रयास का भरोसा मौका निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बस्ती की वर्तमान परिस्थितियों एवं विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि स्थल निरीक्षण के बाद संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए तथा जनहित में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाए।

सड़क, पानी, बिजली की रखी मांग

नया बस्ती में लंबे समय से निवासरत ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र को नियमानुसार आबादी भूमि घोषित कराने, स्थायी विकास कार्यों के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) उपलब्ध कराने तथा बस्ती में मूलभूत नागरिक सुविधाओं का विस्तार किए जाने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि आवश्यक विभागीय अनुमति एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण बस्ती में स्थायी प्रकृति के विकास कार्यों को गति देने में कठिनाइयां आ रही हैं। ग्रामीणों की ओर से पक्की सड़क, विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, नाली निर्माण, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधा, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।

रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग, रेल मंत्री से मिले नेताम

बलरामपुर-रामानुजगंज। जिले में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की आवश्यकता और रेलवे आरक्षण सुविधा के अभाव से होने वाली परेशानियों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। मंत्री राम विचार नेताम ने इस मुलाकात की जानकारी अपने आधिकारिक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोला जाना क्षेत्र की महत्वपूर्ण जनसुविधा से जुड़ा विषय है। इस मांग को लेकर वे पूर्व में भी केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत करा चुके हैं। मुलाकात के दौरान मंत्री नेताम ने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग को केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों को रेलवे टिकट आरक्षण के लिए अन्य

स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती है।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मांग पर सकारात्मकता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री नेताम के अनुसार, इस आश्वासन से क्षेत्रवासियों में रेलवे आरक्षण सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ी है। बलरामपुर-रामानुजगंज क्षेत्र में रेलवे से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार की मांग लंबे समय से सामने आती रही है। रेलवे रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के यात्रियों को आरक्षित टिकट बनवाने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम हो सकती है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों के लिए स्थानीय स्तर पर आरक्षण सुविधा उपलब्ध होना बड़ी राहत मानी जा रही है।

सौतेली मां की हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। थाना बाराद्वार पुलिस ने सौतेली मां की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान अनिल कुमार सिदार कार्तिक राम सिदार (38), निवासी दुरपा, थाना बाराद्वार, जिला सक्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 284/2026 के तहत धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त की शाम करीब 6:45 बजे ग्राम दुरपा निवासी कौशिल्या सिदार (55) पर आरोपी ने लकड़ी की बेड़ी से

हमला किया था। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच, परिजनों एवं गवाहों के कथनों तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट, हड्डियों के टूटने, आंतरिक रक्तस्राव और शॉक के कारण मौत होना बताया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी सक्ती भुवनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने घटना स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी की बेड़ी 12 अगस्त को जब्त की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक नरेंद्र यादव सहित पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पारंपरिक हरेली तिहार उल्लास के साथ मनाया गया

लखनपुर/नवप्रदेश। सदियों पुरानी लोक परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखते हुए लखनपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक हरेली तिहार उत्साह के साथ मनाया गया।

सावन अमावस्या के अवसर पर मनाए जाने वाले इस पर्व का किसानों और ग्रामीण अंचलों में विशेष महत्व है। हरेली के दिन किसानों ने कृषि कार्य में उपयोग होने वाले हल, फावड़ा, गैंती, रघरी, कोपर सहित विभिन्न कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना की। साथ ही खेती में सहयोग करने वाले बैल एवं अन्य पशुधन की

भी पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। ग्रामीणों ने खेतों में भेलवा पेड़ की डालियां लगाईं और घरों को गोबर से लीपा। लोक मान्यता के अनुसार इससे नकारात्मक ऊर्जा और कीट-पतंगों का प्रभाव दूर रहता है।गांवों में बैगा-गुनिया द्वारा डीह-डिहारीन सहित देवी-देवताओं की पूजा कर अच्छी बारिश, बेहतर फसल और पशुधन की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। घरों में चावल के आटे से बनी रोटियां तैयार की गईं।

हरेली के अवसर पर ग्रामीण युवाओं ने गेड़ी चढ़ने का भी आनंद लिया। हालांकि आधुनिकता के दौर में नई पीढ़ी पारंपरिक त्योहारों से धीरे-धीरे दूर हो रही है, फिर भी सरगुजा में हरेली लोक संस्कृति और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की परंपरा को आज भी जीवित रखे हुए है।

ईंट वापस मांगने पर मारपीट, बाइक से युवक को टक्कर मारकर फरार

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र में मारपीट और सड़क दुर्घटना के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम चांदो निवासी दलबीर राम (45) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने शिवकुमार के जमीन पर रखी अपनी ईंटें वापस मांगी थीं। इस बात से नाराज शिवकुमार ने अश्लील गालियां देते हुए अपने साथी छेरतू के साथ मिलकर दलबीर राम से मारपीट की। वहीं दूसरे मामले में ग्राम सीगीटाना के पास मुख्य मार्ग पर तेज व लापरवाही से बाइक चला रहे चालक ने सड़क किनारे खड़े परमेश्वर राम राजवाड़े (30) को टक्कर मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 2300 बताई गई है।

दोनों मामलों में पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

तिरंगा यात्रा में एकता, अखंडता, संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया

चांपा/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल चांपा द्वारा 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे महाराजा सीताराम गुहा के निवास, बरपाली चौक चांपा से हुआ। यात्रा

का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी मंडल चांपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किया। तिरंगा यात्रा बरपाली चौक से प्रारंभ होकर शहीद भगत सिंह चौक (लायंस चौक), शहीद राजकिरण दुग्गड़ उद्यान, शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक (बैरियल), सुभाष चौक, राधा कृष्ण मंदिर चौक, कदम चौक, हनुमान चौक एवं रानी रोड होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों, हाथों में लहराते तिरंगों और भारत माता के जयघोष ने पूरे शहर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना दिया।

विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा के अंतिम पड़ाव शहीद स्मारक पहुंचने पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ तिरंगा यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल चांपा के अध्यक्ष संतोष कुमार थवाईत, महामंत्री गोपीचंद बरें एवं रामवल्लभ सोनी सहित मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

आजादी के बाद आदिवासियों के उत्थान के लिए किया काम, स्वतंत्रता सेनानी पं. रघुनंदन तिवारी ने दान कर दी जमीन

अंग्रेजों से छीना रेलवे स्टेशन, जेलर को जड़े पांच थप्पड़

अंबिकापुर/नवप्रदेश। देश की आजादी की लड़ाई में ऐसे अनेक

वीर हुए, जिनकी कहानी इतिहास के पन्नों से कहीं ज्यादा रोमांचक है। सरगुजा के लुण्ड्रा को अपना कर्मक्षेत्र और बसेरा बनाने वाले पंडित रघुनंदन तिवारी आजाद भी ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हथियार उठाए और महज आंदोलनकारी बनकर नहीं, बल्कि क्रांतिकारी तेवर के साथ अंग्रेजों को चुनौती दी।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुनंदन तिवारी 'आजाद' का जन्म मार्च 1916 में बिहार के चंपारण जिले के बगहा थाना अंतर्गत बडगांव के एक किसान परिवार में हुआ था। 1916 में जन्मे रघुनंदन तिवारी महज 16 वर्ष की उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे। चंद्रशेखर आजाद की सभाओं में कई बार पहुंचे और महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से भी प्रभावित हुए। उनके राष्ट्रप्रेम और जज्बे को देखते हुए गांव वालों ने चंदा जुटाकर उन्हें चंपारण के गांधी आश्रम भेजा। इसी दौरान भारत छोड़ो आंदोलन का ऐलान हुआ और अंग्रेजों ने महात्मा गांधी समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। गांधी की गिरफ्तारी की खबर ने पं रघुनंदन तिवारी को आक्रोशित कर दिया। उन्होंने चंपारण गांधी आश्रम में मौजूद स्कूलों के करीब 55 छात्रों को साथ लिया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। नरकटियागंज रेलवे स्टेशन को उन्होंने अपनी कार्रवाई का केंद्र बनाया।

बताया जाता है कि उनके साथियों ने स्टेशन के गोदाम से अंग्रेजों के हथियार अपने कब्जे में लिए और उनका इस्तेमाल अंग्रेजों के खिलाफ किया। रेलवे पटरी उखाड़ दी गई और पुलों को भी नुकसान पहुंचाया गया। ट्रेन और स्टेशन पर कब्जा कर अंग्रेजों की आवाजाही रोक दी गई। पंडित रघुनंदन तिवारी के नेतृत्व में नरकटियागंज रेलवे स्टेशन करीब तीन दिनों तक अंग्रेजी प्रशासन के नियंत्रण से बाहर रहा। इससे अंग्रेजी हुकूमत बौखला गई। क्रांतिकारियों को दबाने के लिए गोलीबारी कराई गई। परिजनों ने बताया कि अंग्रेजों ने 76 राउंड गोलियां चलाईं, जिसमें उनके सात साथी शहीद हो गए। हालांकि रघुनंदन तिवारी अंग्रेजों को चकमा देकर बच निकलने में सफल रहे। उनका संघर्ष जेल की चारदीवारी के भीतर भी जारी रहा। कैदियों को उनका हक नहीं मिलने पर उन्होंने जेलर के खिलाफ आवाज उठाई और विरोध इतना बढ़ा कि उन्होंने जेलर को पांच थप्पड़ तक जड़ दिए। अंग्रेजों से बचने के दौरान सरगुजा का लुण्ड्रा उनका ठिकाना बना। आजादी के बाद उन्होंने इसी लुण्ड्रा को अपना स्थायी बसेरा बना लिया। लेकिन स्वतंत्रता के बाद भी उनका संघर्ष जारी रहा। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान को अपना उद्देश्य बनाया और सार्वजनिक उपयोग के लिए अपनी जमीन तक दान कर दी।

जब गिरफ्तार नहीं कर सके तो अंग्रेजों ने 302 का केस लगा नाम लिखा आजाद

1948 में प्रकाशित मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सेनानी संघ परिचय ग्रंथ किताब के मुताबिक पं. रघुनंदन तिवारी गोली चलने के 15 दिन बाद फिर से जब ट्रेन की पटरियां तोड़ रहे थे तो 15 साथियों के साथ पकड़े गए। नरकटियागंज थाने में उन्हें बंद किया गया। इसके बाद एक विशेष इंजन से ब्रिटिश शस्त्र फोर्स क्रांतिकारियों को जेल ले जाने वहां पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के बाद क्रांतिकारियों को अंग्रेजों का स्पेशल फोर्स उन्हें बिना लिए ही लौट गया। इसके बाद उन पर 302 का वारंट जारी कर दिया। इसमें रघुनंदन का नाम पंडित रघुनंदन तिवारी आजाद लिखा हुआ था।

स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी स्कूलों में उल्लास महाचौपाल का आयोजन होगा

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस वर्ष जिले में आजादी का पर्व साक्षरता उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोकुल राम रावटे के मार्गदर्शन में 15 अगस्त को जिले के सभी स्कूलों में 'उल्लास महा-चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य साक्षरता को देशभक्ति से जोड़ते हुए जन-जन में शिक्षा, जागरूकता और कर्तव्यबोध की भावना को मजबूत करना है। शासन ने वर्ष 2026-27 में प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसी दिशा में संचालित 'उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' का मूल मंत्र 'जन-जन साक्षर और कर्तव्य बोध' है। कार्यक्रम के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वयस्कों को साक्षर बनाया जा रहा है, जो किसी कारणवश स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। 15 अगस्त को ध्वजारोहण के पश्चात् विद्यालयों में सामूहिक उल्लास शपथ, महा-चौपाल और 'कहानियों का कारवां' आयोजित किया जाएगा। नवसाक्षर अपने अनुभव साझा करते हुए बताएंगे कि पढ़ना-लिखना सीखने के बाद उनके जीवन में किस तरह सकारात्मक बदलाव आया। इसके साथ ही दादी-नानी की कहानी प्रतियोगिता, मातृत्व साक्षरता तथा 'महा संकल्प' के माध्यम से बच्चे अपनी निरक्षर माताओं को साक्षर बनाने का संकल्प लेंगे।

कार्यक्रम के वातावरण निर्माण के लिए मोबाइल टॉर्च रैली, मशाल रैली और प्रभात फेरी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं 'अंगूठा मुक्त पंचायत', 'अंगूठे से कलम तक' सम्मान समारोह एवं प्रशस्ति पत्र वितरण, साक्षरता रंगोली, नुक्कड़ नाटक और उल्लास थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी.डाहिरे ने बताया कि जिले में वर्तमान में सभी ग्रामों एवं नगरीय निकायों के वार्डों में असाक्षरों के चिन्हांकन के लिए सर्वेक्षण जारी है। चिन्हांकन के बाद नवसाक्षरों को कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के माध्यम से 200 घंटे का अध्यापन कराया जाएगा। इसके बाद उन्हें शिक्षार्थी आकलन परीक्षा में शामिल कराया जाएगा। इस अभियान में विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए 10 असाक्षरों को साक्षर करने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड एवं स्थानीय परीक्षा में 10 बोनस अंक देने का प्रावधान किया गया है। पिछले वर्ष जिले के 96 विद्यार्थियों को साक्षरता अभियान में योगदान के लिए बोनस अंक प्राप्त हुए थे। इसका एक प्रेरक परिणाम दशरंगपुर स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा की सफलता के रूप में सामने आया, जिसने बोनस अंकों के सहयोग से पूरे मुंगेली जिले में प्रथम स्थान हासिल किया।

न्यूज गैलरी

साइकिल मिली तो खिल उठे छात्राओं के चेहरे

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं की छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलने से छात्राओं ने इसे अपनी पढ़ाई के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा के लिए आने-जाने की सुविधा विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। साइकिल मिलने से विशेषकर दूर-दराज से विद्यालय आने वाली छात्राओं को काफी सहूलियत होगी और उनकी नियमित उपस्थिति को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल, चंद्रकांत तिवारी, विनोद शर्मा एवं सत्येंद्र केवट सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य देवांगन सर एवं समस्त स्टाफ ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।साइकिल वितरण के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साइकिल से स्कूल पहुंचना अब उनके लिए और आसान होगा। शिक्षा के साथ सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह पहल छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। शिवरीनारायण पुलिस ने हत्या की नीयत से चाकू से किए गए प्राणघातक हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। आरोपी की पहचान चिंतामणी साहू (19), निवासी तुस्मा वार्ड नंबर 13 के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त की रात करीब 11 बजे हरिचरण साहू पर पुराने विवाद को लेकर आरोपी ने चाकू से पेट और छाती के पास हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल निजी वाहन से मां शबरी अस्पताल शिवरीनारायण में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त चाकू और घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए गए।

मिनीमाता के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को किया याद

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में संस्था अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं व्यवस्थापक एचआर भास्कर के मार्गदर्शन में ममतामयी मिनीमाता की 54वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर अतिथियों, शिक्षकों तथा छात्रों ने मां के नाम पेड़ भी लगाये। कक्षा शिक्षकों ने अपने-अपने कक्षा में मिनीमाता के जीवन गाथा जन्म से लेकर उनके द्वारा किये गये सामाजिक, राजनैतिक योगदान तथा कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मिनीमाता तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मिनीमाता अमर रहे अमर रहे के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। अंत में दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि मिनीमाता सही मायने में त्याग की मूर्ति थीं। समाज और देश के लोगों के प्रति अपार स्नेह ने उन्हें ममतामयी बना दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दी। आज हमारे बीच भले ना हो परन्तु यश रुपी शरीर से वे आज भी जीवित हैं। देश एवं छत्तीसगढ़ के प्रति उनके कृतित्व एवं कर्मठता को नमन किया गया। इस अवसर पर एचआर भास्कर, वेदराम चतुर्वेदी, राजेश दिवाकर, एस पी, कौशिक, संस्थान के पदाधिकारी, सदस्यगण, संस्था के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका तथा छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

विधायक के नेतृत्व में कांवरियों का दल रवाना हुआ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सावन माह में भगवान शिव की भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के



प्रसिद्ध चुरकी धाम में जलाभिषेक के लिए बुधवार को बनारस के पावन अस्सी घाट से कांवड़ महायात्रा 2026 का शुभारंभ हुआ। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में करीब 150 कांवरियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गंगाजल भरा और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पैदल यात्रा शुरू की। विधायक रामकुमार टोप्पो स्वयं कांवरियों के साथ बनारस से पैदल यात्रा कर रहे हैं। करीब 460 किलोमीटर लंबी यह यात्रा लगभग 15 दिनों में पूरी की जाएगी। यात्रा के अंतिम पड़ाव पर सीतापुर क्षेत्र के चुरकी स्थित भगवान शिव मंदिर में गंगाजल से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कांवड़ यात्रा का समापन होगा।

पुलिस, एनसीसी कैडेट्स सहित विभिन्न दलों ने अनुशासित एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया

पीजी महाविद्यालय ग्राउंड में मुख्य समारोह का हुआ फाइनल रिहर्सल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस समारोह के व्यवस्थित आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज पीजी कॉलेज ग्राउंड में मुख्य समारोह का फाइनल रिहर्सल आयोजित किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण कर समारोह स्थल पर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए अपर कलेक्टर सुनील नायक ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस एवं एनसीसी कैडेट्स सहित विभिन्न दलों ने अनुशासित एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया।

फाइनल रिहर्सल के दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत तथा सेकंड इन परेड कमांडर प्रशिक्षु सुश्री पेविन वर्मा के नेतृत्व में कुल 13 प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन किया। इसमें जिला पुलिस बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक डिगेश्वर वर्मा, जिला पुलिस बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक विवेक चंद्राकर, जिला पुलिस बल महिला प्लाटून की कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक भारती मार्कण्डेय, नगर सैनिक बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक महेश कुमार नेताम तथा नगर सैनिक बल महिला प्लाटून की कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक आशी झा शामिल रहीं। इसी प्रकार नव आरक्षक दल महिला-पुरुष संयुक्त के कमांडर नव आरक्षक 1006 समीर तिग्गा, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर एनसीसी पुरुष के जेयूओ श्रेयांश कुमार, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर एनसीसी महिला की जेयूओ प्रिंसी तिग्गा, होली क्रास वूमेन्स कॉलेज एनसीसी की एसयूओ कुजूर, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर जूनियर डिविजन एनसीसी के उपेन्द्र राजवाड़े, सेंट जेवियर्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर स्काउट के रोहित केरकेट्टा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाइड्स की कुमारी आस्था गुप्ता तथा अम्बिका मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरनीबेड़ा की कुमारी मोनिका मिंज के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने परेड का फाइनल रिहर्सल किया। 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस जवानों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पीटी परेड का प्रदर्शन किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। नवोदय, कार्मेल स्कूल, हॉलीक्रॉस स्कूल, मोंटफॉर्ट, उर्सू लाइन एवं सैनिक स्कूल के विद्यार्थी देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य रूपांतरण की प्रस्तुति देंगे। समारोह के दौरान शहीद वीर जवानों के परिवारों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

तिरंगा रैली में गूंजे देशभक्ति के नारे

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न नारे एवं स्लोगन लगाए गए तथा लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम डॉ. मनोज सिन्हा, एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. नरोत्तम पुरले एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता पीके घिर्रे, कमलेश भास्कर, कविता उपाध्याय, झरोखालाल मीरी, सुखचंद पाटले एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। प्रहलाद घिर्रे ने कहा कि रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं स्वयं सेवकों ने राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। सभी स्वयं सेवकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ रैली में सहभागिता करते हुए हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र ने सभी स्वयं सेवकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व के संबंध में समझाया तथा सभी स्वयंसेवकों के साथ देशभक्ति का नारा लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. रामबाबू मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

हरेली पर सुख-समृद्धि की कामना की

राहौद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली तिहार को लेकर पूरे अंचल में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। किसानों और ग्रामीणों ने विधि-विधान से कृषि औजारों, हल-बैल और खेती-किसानी में उपयोग होने वाले उपकरणों की पूजा-अर्चना कर अच्छी बारिश, बेहतर फसल और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। हरेली का पर्व छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की साफ-सफाई कर

उनकी पूजा करते हैं। कई स्थानों पर घरों के मुख्य द्वार पर नीम की टहनियां लगाई गईं। मान्यता और लोकपरंपरा के अनुसार नीम को स्वास्थ्य एवं सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। पर्व के दौरान गेड़ी चढ़ने की परंपरा ने बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह भरा। गांवों और मोहल्लों में बच्चे गेड़ी पर चढ़कर अपनी खुशी का इजहार करते नजर आए। बुजुर्गों ने भी हरेली से जुड़ी पुरानी यादों और परंपराओं को साझा करते हुए नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। हरेली के अवसर पर घरों में पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए।

रक्षा सूत्र कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाग लिया

मुंगेली/नवप्रदेश। देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को नमन करने और वर्तमान में सीमा पर तैनात जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से संकुल तरकीडीह के द्वारा वीर सैनिकों के नाम रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संकुल के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने राखियां बनाकर उन्हें उन वीर शहीदों के नाम समर्पित किया जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साथ ही सीमा पर तैनात सैनिकों के नाम रक्षा सूत्र भेजे गए ताकि उन्हें यह संदेश मिले कि पूरा देश उनके साथ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल समन्वयक मोहन कश्यप ने कहा कि रक्षा सूत्र केवल एक धागा नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति, एकता और सैनिकों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के सभी शिक्षक प्राचार्य जितेन्द्र कुमार गरेवाल, प्रधानपाठक सतीराम सिंगरौल, श्र लता सिंह, मधुरिमा सिंगरौल, शीना खान, मेघवाराम रावत एवं धनंजय जायसवाल एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

पेज 1 का शेष...

लाल किले के पास नवंबर-2025...

जोड़े गए हैं। इस हमले में 11 लोगों की जान चली गई थी। यह इतिहास में पहला मौका है जब किसी आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र दस्तावेज में सीधे तौर पर इस आतंकवादी समूह को इस घटना से जोड़ा गया है। हालांकि, इस मामले की आधिकारिक जांच भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा अभी भी की जा रही है और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने इस पर अपना कोई अंतिम निष्कर्ष घोषित नहीं किया है।

एअर इंडिया पायलट्स का अब...

शुरू होने वाली है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया की तरफ से आए मेमो में कहा गया है कि यह टेस्टिंग पुरानी रेगुलेटरी टेस्टिंग से कहीं ज्यादा होगी। बता दें, यह पूरा मामला उस वक्त सामने आया था, जब 4 अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट आसमान में ही एकदम से 300 फीट नीचे आ गई थी, जिसकी वजह से कई लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। इस घटना के बाद पायलट्स की फिटनेस जांच को लेकर बड़ा सवाल उठ गया था।

जनता के 204 करोड़...

किया। 62 फीसदी समय का जनता के लिए इस्तेमाल ही नहीं किया गया। आम आदमी तो संसद से 1200 किमी दूर छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी सोचता रहता है कि उम्मीद की कोई किरण तो जनप्रतिनिधि ही निकाल सकते हैं। जहां जनता का इलाज बिजली ना होने पर मोबाइल टॉर्च की रोशनी में किया जाता है। यही आम आदमी इस भरोसे में रहता है कि जिन्हें चुनकर संसद भेजा है, वही सार्थक बहस करके नई अलग जगाएंगे।

संसद अनिश्चितकाल के लिए...

उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया। संसद परिसर में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद आमने-सामने आ गए। विपक्षी सांसद मंकी टॉय लेकर संसद परिसर में पहुंचे और नारे लगाए। मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी और सुप्रिया सुले समेत अन्य सांसद मौजूद थे।

संपत्ति विवाद में फंसे...

मुताबिक, यह मामला कर्नाटक के रहने वाले एक बीजेपी कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी आय से अधिक संपत्ति है। इसी शिकायत पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मई में सीबीआई और ईडी को निर्देश दिया था कि वे कानून के मुताबिक इन आरोपों को वेरिफाई करें।

सुप्रीम कोर्ट में 17 अगस्त को होगी सुनवाई: राहुल गांधी ने 7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। पहली याचिका में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है, जबकि दूसरी याचिका (ट्रांसफर पिटीशन) में केस को इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की अपील की गई है। इन दोनों याचिकाओं पर 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की एक विशेष बेंच सुनवाई करेगी।

हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस...

1 करोड़ 96 लाख 34 हजार 307 रुपए बताई गई है।आरपीएफ क्राइम ब्रांच नागपुर के निरीक्षक को सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में दो लोग विदेशी सोना लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम को डीआरआई नागपुर के अधिकारियों के साथ जांच के लिए लगाया गया। संयुक्त टीम ने रायपुर से नागपुर के बीच ट्रेन में तलाशी शुरू की।

पंजाब के पूर्व डिप्टी-सीएम...

हमला सुबह 11:30 बजे हुआ, जब बादल गुरुद्वारे जा रहे थे। एक व्यक्ति उनके पास आया और उन्हें चाकू मारने की कोशिश की। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत बीच-बचाव किया, लेकिन बादल घायल हो गए। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर रही है और घटना की आगे जांच कर रही है। यह हमला गुरुद्वारे के परिसर के अंदर हुआ।

डाउनस्ट्रीम और स्पेशियलिटी...

विष्णु देव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्टील और खनन छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान की मजबूत नींव हैं और आगे भी हमारी ताकत बने रहेंगे। अब समय इस मजबूत नींव पर औद्योगिक विकास की नई इमारत खड़ी करने का है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 31/08/2026

स. क्र.	नि.आ.सू. क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्र. निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत(रू. लाख में)
01	02	03	04	05
1	105/2026-27 दिनांक 10/08/2026	197228 (प्रथम आमंत्रण)	दन्तेवाड़ा नदी पर स्थित डंकिनी नदी पुराने पुल के अबाट का निर्माण कार्य की निविदा।	67.77
2	106/2026-27 दिनांक 10/08/2026	197230 (प्रथम आमंत्रण)	दन्तेवाड़ा डंकिनी नदी के पुराने पुल पर तटबंध की सुरक्षा के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	65.35
3	107/2026-27 दिनाक 10/08/2026	197231 (प्रथम आमंत्रण)	जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा में मरम्मत एवं रखरखाव के जोनल कार्य।	42.37

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी-262702742/5

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

4931 10/08/26

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में लगने वाले औषधियों के क्रय हेतु निर्माता कम्पनी अथवा उनके अधिकृत विक्रेता फर्म से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड कोरियर के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम / शर्तों एवं औषधियों की सूची का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मुल्य : रू. 1000/- (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि : 17.08.2026 सुबह 10.00 बजे से।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 15.09.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 15.09.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
05. निविदा खोले जाने की तिथि : 15.09.2026 सायं 04:00 बजे ।

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक. 26 में।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-262702747/5



अल-नीनो से तबाही...इंग्लैंड का तीन-चौथाई हिस्सा सूखा

इंग्लैंड में लंबे समय से कम बारिश और तेज गर्मी की वजह से सूखे की समस्या बढ़ गई है. सरकार के अनुसार अब देश का करीब 71.3त्न हिस्सा सूखे से प्रभावित है. जुलाई के अंत में यह आंकड़ा लगभग 50त्न था, यानी हालात तेजी से खराब हुए हैं. करीब 4.5 करोड़ लोग ऐसे इलाकों में रह रहे हैं जहां सूखा पड़ा हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह कम बारिश और सामान्य से ज्यादा तापमान है।

नई दिल्ली/ए.। इंग्लैंड और वेल्स में जुलाई 2026 पिछले करीब 190 सालों में सबसे सूखा जुलाई रहा. दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में तो सामान्य बारिश का सिर्फ1त्न ही पानी गिरा. इस साल ब्रिटेन पांचवीं हीटवेव भी झेल रहा है. इसी कारण नदियों, तालाबों और जमीन के नीचे पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, करीब 2.7 करोड़ लोग ऐसे इलाकों में रह रहे हैं जहां पानी के इस्तेमाल पर रोक लगी हुई है. बारिश कम होने से पानी की कमी हो रही है, जबकि गर्मी की वजह से पानी की जरूरत बढ़ गई है. फसलों की सिंचाई के लिए ज्यादा पानी चाहिए, लेकिन पानी की कमी है। इसी वजह से सरकार किसानों के लिए सिंचाई के पानी को स्टोर करने के लिए छोटे जलाशय बनाने की प्रक्रिया आसान करने पर काम कर रही है. कम बारिश का असर सिर्फ लोगों पर ही नहीं, बल्कि प्रकृति पर भी पड़ रहा है. नदियों, जलाशयों और भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में पानी की सप्लाई पर और दबाव बढ़ सकता है. गर्मी और सूखे की वजह से जंगलों में आग लगने का खतरा भी बढ़ गया है. साथ ही पक्षियों, पानी में रहने वाले जीवों और मछलियों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है. तेज गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी दिख रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में अब तक करीब 2,877 लोगों की मौत गर्मी से जुड़ी समस्याओं की वजह से हो चुकी है. बुजुर्ग और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं. अल-नीनो दुनिया के मौसम और बारिश के पैटर्न को बदल सकता है.

इंग्लैंड के इस सूखे की वजह सिर्फ अल-नीनो नहीं है. कम बारिश, लगातार गर्मी और पानी की कमी इन सबने मिलकर हालात खराब किए हैं. फिलहाल सरकार पानी बचाने, किसानों की मदद करने और जल भंडारण बढ़ाने पर काम कर रही है. अगर यही गर्म और सूखा मौसम जारी रहा, तो आने वाले समय में पानी, खेती और पर्यावरण पर और ज्यादा दबाव पड़ सकता है।

झारखंड विधानसभा घेराव पर पुलिस का बड़ा एक्शन

100 नामजद व 500 अज्ञात पर एफआईआर

रांची। झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल करीब 100 लोगों को नामजद करते हुए 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की है। इस बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने देशव्यापी प्रदर्शन का एलान कर दिया है। बताया गया कि विधानसभा घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच झड़प भी हुई। घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू करते हुए वीडियो फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रदर्शनकारियों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और उपद्रव समेत अन्य आरोपों को शामिल किया गया है। नामजद आरोपियों के अलावा बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

अन्य आरोपियों की पहचान करने में जुटी पुलिस

पुलिस अब प्रदर्शन के दौरान बनाए गए वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर उपलब्ध तस्वीरों के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। मामले में आगे और लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। वहीं, छात्र संगठनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वे अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे थे। छात्रों का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बल प्रयोग किया। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

गृह मंत्री पर बिफरीं प्रियंका

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए संसद में उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। प्रियंका गांधी ने कहा कि गृह मंत्री मानसून सत्र के आखिरी दिन संसद पहुंचे और वो भी सिर्फवंदे मातरम गाने के लिए। विपक्षी दल लगातार संसद से पीएम मोदी और अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठा रहे थे। आज संसद के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गए। मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, 'गृह मंत्री आज आए, लेकिन सिर्फ वंदे मातरम गाने। पूरा सत्र बीत गया, लेकिन न तो प्रधानमंत्री और न ही गृह मंत्री सदन में उपस्थित रहे। ऐसे में ये लोकतंत्र और संसद कैसे चल सकती है?'

'11 साल में कुछ नहीं बदला'

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 11 वर्षों में कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने मौजूदा नीट मुद्दे की तुलना 2015 में हुए व्यापम विवाद से की। जयराम रमेश ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मैं आपको याद दिला दूं कि मानसून सत्र 2026 स्थगित हो गया है। लेकिन यह पहली बार नहीं हुआ है। ठीक 11 साल पहले 2015 में भी व्यापम घोटाले के कारण मानसून सत्र रद्द हो गया था। 11 साल बाद भी युवाओं से जुड़ा मुद्दा है। एक तरह से व्यापम घोटाले जैसा ही एक घोटाला 2013 में नीट में हुआ था।'

खरगे बोले- क्या आप यहां कमरे में बैठने आते हैं?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'वे संसद में आने के लिए तैया नहीं हैं। जब खुद प्रधानमंत्री हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं, जब गृह मंत्री नहीं आ रहे और ये नहीं कह रहे कि मैं अंदर था, मैं सुन रहा था- तो क्या आप यहां कमरे में बैठने आते हैं? सदन में आइए और हमारी बात सुनिए।'

खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और संसद सदस्यों का मनोबल तोड़ रही है। खरगे ने कहा, 'ये लोग लोकतंत्र को तबाह करना चाहते हैं। संसद सदस्यों का मनोबल तोड़ना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि उनके सामने संसद कुछ नहीं है, वो ही सबकुछ हैं। लेकिन लोग इनके अहंकार को तोड़ेंगे।'

राजद ने भी केंद्र सरकार पर बोला तीखा हमला

विपक्ष जंतर-मंतर पर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार से जवाब मांग रहा है। राजद सांसद संजय यादव ने तो केंद्र सरकार पर संसद का समय और जनता का पैसा बर्बाद करने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि सदन में विधेयक में बिना बहस और चर्चा के पारित किए गए।

राजद सांसद ने कहा कि 'सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है। न तो सरकार और न ही प्रधानमंत्री मोदी को सकारात्मक संवाद में कोई दिलचस्पी है और न ही रचनात्मक आलोचना सुनने में। बिना किसी चर्चा और पारदर्शिता के दो मिनट में विधेयक पारित कराना, उन लाखों मतदाताओं का अपमान है, जिन्होंने इन सांसदों को देश की सर्वोच्च विधायी संस्था के लिए चुना है।'

राजस्थान में यूसीसी का रास्ता साफ कैबिनेट ने बिल को दी मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। राजस्थान की भजनलाल कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता को मंजूरी दे दी है। इसे विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। विधेयक में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े मामलों के लिए समान कानूनी व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रस्तावित प्रावधानों के अनुसार नए विवाहों का 60 दिनों के भीतर पंजीकरण जरूरी होगा। लिव-इन संबंधों की शुरुआत और समाप्ति की लिखित सूचना या पंजीकरण का प्रावधान भी किया गया है। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- 'नागरिकों के लिए एक समान संहिता हो ये संविधान निर्माताओं की भावना थी ,आज केबिनेट ने अप्रूवल दिया है..,इसमे विवाह, लिव इन रिलेशनशिप ,अन्य मामलों को शामिल किया गया.. ,एक प्रदेश एक कानून है,आदिवासी क्षेत्रों पर इसके प्रावधान लागू नही होंगे। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा- 'रंजना देसाई की अध्यक्षता में कमेटी बनी थी जिन्होंने कई राज्यों के कानून का भी अध्ययन किया समिति ने संभागवार सभी प्रमुख लोगों से बात की...,कानून लागू होने के 60 दिन में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य होगा,लीव इन रिलेशनशिप को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा,विवाह या तलाक का मेमोरेंडम पर 15 दिन में एप्लिकेशन पर निर्णय देना होगा,अगर खारिज होता है तो अपीलेट कोर्ट 60 दिन में उसे देखेगा..देरी से विवाह अमान्य नही होगा।

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग.

= ईश्तहार =

लखनपुर दिनांक 13.08.2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ईरगवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरालाल आ.श्री शिवबालक निवासी ईरगंवा के बाबा स्व.कोन्दा केवट आ. स्व. श्री नान्ही की मृत्यु दिनांक 10.06.1980 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण हेतू जन्म / मृत्यु रजिस्टीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्ग मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 नियत (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतू आवेदक इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 25.08.2026 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय की पेशी 25.08.2026 तक अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

तहसीलदार
लखनपुर

पुतिन पहुंचे जापान के दावे वाले कुरिल द्वीप, टोक्यो ने जताया विरोध

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कुरिल द्वीप समूह के इटुरुप द्वीप का दौरा किया। यह जापान के दावे वाला क्षेत्र है और पुतिन की यहां पहली यात्रा है। दौरे के बाद जापान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और द्वीप को अपना अभिन्न क्षेत्र बताया। वहीं, पुतिन ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय दस्तावेजों में दर्ज वास्तविकता बताया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रशांत महासागर में स्थित कुरिल द्वीप समूह के दक्षिणी हिस्से में आने वाले इटुरुप द्वीप का दौरा किया। यह रूस के नियंत्रण में है, लेकिन जापान इन द्वीपों पर अपना क्षेत्रीय दावा करता है। पुतिन ने इटुरुप में एक मछली संयंत्र, अस्पताल और स्कूल का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से संक्षिप्त बातचीत भी की और रूस के सखालिन क्षेत्र के गवर्नर वालेरी लिमारेंको से मुलाकात की। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने पुतिन के इटुरुप दौरे का कड़ा विरोध किया।

जापान इस द्वीप को एटोरुफू कहता है। मोतेगी ने कहा कि जापान इन द्वीपों पर ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के नजरिए से अपने अधिकार का दावा करता है। जापान ने इससे पहले 2021 में भी रूस के तत्कालीन प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन के इटुरुप दौरे पर विरोध जताया था।

जापान कुरिल द्वीप समूह के चार सबसे दक्षिणी द्वीपों पर अपना क्षेत्रीय अधिकार जताता है और इन्हें 'नॉर्दर्न टेरिटरीज' कहता है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में सोवियत संघ ने इन द्वीपों को जापान से अपने नियंत्रण में ले लिया था। इस क्षेत्रीय विवाद के कारण रूस और जापान के बीच द्वितीय विश्व युद्ध को औपचारिक रूप से समाप्त करने वाली शांति संधि भी अब तक नहीं हो सकी है। कई दशकों से दोनों देशों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत होती रही है, लेकिन कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकल पाया।

आगे बढ़ी राजकुमार राव अभिनीत 'प्रहार' की रिलीज डेट

मुंबई। अभिनेता राजुकुमार राव अपनी अपकमिंग फिल्म 'प्रहार' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका टीजर रिलीज किया गया है। साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस की गई थी। लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है।

क्या है फिल्म की कहानी?

'प्रहार' में वकील उज्जवन निकम की कहानी दिखाई गई है। उन्होंने 2008 के 26/11 हमले के आरोपी अजमल कसाब को फांसी दिलाने के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने राजकुमार राव की तारीफकी है।

कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म प्रहार की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। पहले ये फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाकर 16 अक्टूबर कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'अब होगा जस्टिस का 'प्रहार'।'

एचडीएफसी बैंक ने लोगों से 'बॉस स्कैम' के खिलाफ सावधान रहने की अपील की

मुंबई। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने कस्टमर्स को बॉस स्कैम (बिज़नेस लीडर/सीनियर कंपनी एग्जीक्यूटिव का नकली रूप) से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका मकसद कस्टमर्स को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे फ्रॉड के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बॉस स्कैम में, फ्रॉड करने वाले सोशल मैसेजिंग ऐप पर सीनियर लीडर और भरोसेमंद साथियों का नकली रूप बनाकर कर्मचारियों को पेमेंट करने या सेंसिटिव जानकारी शेयर करने के लिए फंसाते हैं। फ्रॉड करने वाले सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर ईमेल या मैसेज भेजते हैं, जिसमें वे रेगुलेटर या सीईओ और सीएक्सओ जैसे सीनियर कंपनी एग्जीक्यूटिव होने का दावा करते हैं। मैसेज में आमतौर पर दावा किया जाता है कि ऑर्गनाइज़ेशन ने कुछ नियमों का उल्लंघन किया है जिससे मैसेज पाने वाले पर जल्दी कार्रवाई करने का दबाव बनता है।

राशिद खान ने रचा इतिहास, सक्रिय खिलाड़ियों में शीर्ष-10 विकेट लेने वालों में शामिल

नई दिल्ली/ए.। अफगानिस्तान के स्टार स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष-10 में जगह बना ली।

बेलफास्ट में खेले गए मुकाबले में राशिद ने 10 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 464 विकेट हो गए।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रतनपुर, दिनांक 28.07.2026
रा.प्र.क्र.........(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रामनाथ भारद्वाज पिता तिरीथ राम भारद्वाज** जाति सुर्यवंशी निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पत्नी सुरेखा पति रामनाथ भारद्वाज का मृत्यु दिनांक 10-05-2010 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत **मृत्यु** प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर** को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 14/08/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रतनपुर, दिनांक 07.08.2026
रा.प्र.क्र.........(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मोहम्मद हुसैन पिता शेख मोहम्मद** जाति निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने **पत्नी शहनाज** पति **मोहम्मद हुसैन** का मृत्यु दिनांक 10-04-2010 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत **मृत्यु** प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर** को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 25/08/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग.

= ईश्तहार =

लखनपुर दिनांक 13.08.2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ईरगवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरालाल आ.श्री शिवबालक जाति केवट निवासी ईरगंवा के बाबा नान्ही आ.स्व. कारी की मृत्यु दिनांक 02.05.1990 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है को हुए मृत्यु प्रमाण हेतु जन्म / मृत्यु रजिस्टीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्ग मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 नियत (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतू आवेदक इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 25.08.2026 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय की पेशी 25.08.2026 तक अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

तहसीलदार
लखनपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: सी.ए.ओ./सी/बी.एल.पी./26-27/14 दिनांक: 30.07.2026, (EPC)(ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

कार्यः "छत्तीसगढ़ राज्य में दल्लीराजहरा रावघाट- जगदलपुर नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत, रावघाट-जगदलपुर (140 किमी) नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) अनुबंध पैकेज-I इसमें कुरकानार से भानपुरी तक (चेनेज 12+700 से 42+600) का हिस्सा शामिल है: इसमें कुरकानार स्टेशन शामिल नहीं है, लेकिन भानपुरी स्टेशन शामिल है।"

निविदा मूल्यः रु.4550200000.00, अमानत राशिः रु.91004000.00 निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः 730 (सात सौ तीस) दिन, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से । निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 27/11/2026 को 15:00 बजे तक । निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 04/12/2026 को 15:30 बजे ।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर- पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं ।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण-III
सीपीआरआर/10/327 द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर

South East Central Railway @secrail

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

(प्रपत्र-अ) निविदा - ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website-www.cgmsc.gov.in

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	नि.आ.सू. क्र.	कार्य का नाम	राशि (रु.लाख)
1	11022	जिला कांकेर ब्लॉक कोईलीबेड़ा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांदे में पोस्टमार्टम रूम, किचन रूम एवं 100 बिस्तर सिविल अस्पताल पखांजूर में विश्राम कक्ष का निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	36.28
2	11023	जिला बस्तर के खाद्य एवं औषधि जिला कार्यालय भवन जगदलपुर में प्रथम तल का निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	24.89
3	11024	जिला दंतेवाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शेष निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	32.89
4	11025	जिला कोण्डागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शेष निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	41.06
5	11026	जिला दंतेवाड़ा वि.ख. दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में 02 नग 2 एफ टाईप स्टॉफ क्वार्टर भवन का निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	54.87
6	11027	जिला बेमेतरा के वार्ड-7 पटेलपारा थानखम्हरिया में शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (हमर क्लीनिक) निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	22.36
7	11028	जिला दुर्ग के खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत डोम शेड के पास में शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (हमर क्लीनिक) निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	22.36
8	11029	जिला बीजापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर में 01 नग 2 एफ टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	37.52
9	11030	जिला बीजापुर वि.ख. भैरमगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसलनार का शेष निर्माण कार्य। **(तृतीय आमंत्रण)**	43.09
10	11031	जिला बीजापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर में 02 नग 2 जी टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य। **(चतुर्थ आमंत्रण)**	55.24
11	11032	जिला बस्तर ब्लॉक तोकापाल के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में IPHL हमर लैब के स्थापना कार्य का शेष निर्माण कार्य। **(चतुर्थ आमंत्रण)**	14.72
12	11033	जिला दंतेवाड़ा के वार्ड नं. 01 रेलवे कॉलोनी दंतेवाड़ा में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (UHWC) भवन का शेष निर्माण कार्य। **(पंचम आमंत्रण)**	19.10

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 18/08/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 31/08/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद- 48741/2 sd/- अधीक्षण अभियंता

झीरम में गूंजा वंदेमातरम,तिरंगा लेकर पहुंचे युवा मोर्चा कार्यकर्ता

■ गोलियों की आवाज वाले इलाके में पहली बार तिरंगा यात्रा

जगदलपुर/नव प्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ जगदलपुर से झीरम तक तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष करते हुए 40 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झीरम घाटी पहुंचे। अतिसंवेदनशील रहे इस क्षेत्र में पहली बार निकली तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति का माहौल नजर आया।

झीरम पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने झीरम हमले में शहीद हुए जवानों और जनप्रतिनिधियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि झीरम की धरती वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की साक्षी है। उनका बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। युवा पीढ़ी सुरक्षित,सशक्त और नक्सलमुक्त बस्तर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र में बेखौफ लहराया तिरंगा

भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के दृढ़ संकल्प से बस्तर नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। यह गर्व की बात है कि आज ऐसे क्षेत्र में पहुंचकर देश की शान तिरंगा लहराने का अवसर मिला है।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कभी गोलियों की आवाज गूंजती थी,वहां आज कार्यकर्ता बिना भय के वंदेमातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास के साथ युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बाइक से झीरम घाटी पहुंचकर तिरंगा फहराया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

यात्रा में महापौर संजय पांडे, भाजपा महामंत्री रजनीश पाणिग्राही,दरभा मंडल अध्यक्ष देवी बेंजाम,रितेश जोशी, विकास दुआ,आनंद झा,जीवनाथ मौर्य,विकास पात्रो,अभिषेक तिवारी,भरत ठाकुर,रामप्रसाद मौर्य,सत्यम झा,हरि प्रसाद कश्यप,उदय सेठिया,दिनेश पांडे,मानक डई नाग, नारायण कुरानी,धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष बघेल,लक्ष्मण झा,निर्मल पाणिग्राही, डिकेश नाग,सोमप्रकाश जोशी,नरेंद्र पांडे सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा रवाना बाइक से 40 किलोमीटर से अधिक सफर

जगदलपुर से तिरंगा यात्रा रवाना बाइक से 40 किलोमीटर से अधिक सफर झीरम घाटी में प्रवेश शहीदों को श्रद्धांजलि तिरंगा फहराकर वंदेमातरम और भारत माता की जय के जयघोष नक्सलमुक्त बस्तर के संकल्प को दोहराया गया।

सड़क क्षतिग्रस्त,हादसों का बढ़ा खतरा : आप

ओवरलोड लौह अयस्क वाहनों से पखांजूर-भानुप्रतापपुर मार्ग बदहाल

पखांजूर। नव प्रदेश। पखांजूर-भानुप्रतापपुर मुख्य मार्ग पर ओवरलोड लौह अयस्क से भरे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क की हालत खराब होती जा रही है। भारी वाहनों के दबाव से सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे आम राहगीरों, वाहन चालकों के साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने आरोप लगाया कि खनिज परिवहन के नाम पर नियमों की अनदेखी कर ओवरलोड वाहनों को संचालित होने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक भार वाले वाहनों के कारण सड़क तेजी से खराब होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है।

आप के कांकेर जिला उपाध्यक्ष ऋषि मजूमदार ने कहा कि मार्ग से बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली बच्चे रोजाना आवागमन करते हैं। तेज रफ्तार भारी वाहनों के बीच उन्हें जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। पार्टी ने प्रशासन से तत्काल विशेष जांच अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, वाहनों के वजन की नियमित जांच तथा सड़क को हुए नुकसान की भरपाई संबंधित परिवहनकर्ताओं से कराने की मांग की है।

ओवरलोड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई

वजन की नियमित जांच,क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और सड़क को हुए नुकसान की भरपाई संबंधित परिवहनकर्ताओं से कराने की मांग की गई है।

ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन

नरेन्द्र नाग ने कहा कि यदि सरकार को लौह अयस्क परिवहन से राजस्व मिल रहा है तो उसका उपयोग जनता के लिए सुरक्षित सड़क और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में भी होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। पखांजूर-भानुप्रतापपुर मार्ग से जुड़े क्षेत्रवासियों ने भी भारी वाहनों की नियमित निगरानी और क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग उठाई है।

सौर सुजला योजना से कृषकों के यहाँ सोलर पंप स्थापित होने से अंदरूनी क्षेत्रों में आया बड़ा बदलाव

नारायणपुर/नवप्रदेश। सौर सुजला योजनान्तर्गत जिले के विद्युतविहिन वन अधिकार पट्टाधरी कृषकों को खेतों में सौर सिंचाई पम्पों की स्थापना प्रदूषण रहित निःषुल्क बाधारहित व बारहमासी बिजली मिलने से कृषकों की आय में वृद्धि हुई है। जिससे उसके जीवन में खुषहाली आयी है। सौर सुजला योजना से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार- क्रेडा विभाग द्वारा किसानों को सषक्त बनाने सौर सुजला योजना अंतर्गत रियायत दर पर सिंचाई पम्प प्रदान किया गया है। सौर सुजला के तहत् शासन द्वारा 3 एच.पी., एवं 5 एच.पी. क्षमता वाले सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई पंपों का स्थापना कार्य किया गया है। जिले के भौगौलिक दृष्टिकोण से यह योजना किसानों के लिए लाभकारी सिद्व हुआ किसानों को अब धान के अलावा अन्य फसल लेने में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो रही है। जिससे कृषक साग-सब्जी सहित अन्य फसल ले पा रहे है। जिससे उनकी आमदनी के स्त्रोत्र बढ़े है एवं जिले के सिंचित क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

सौर सुजला योजना से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार- क्रेडा विभाग द्वारा किसानों को सषक्त बनाने सौर सुजला योजना अंतर्गत रियायत दर पर सिंचाई पम्प प्रदान किया जाता है।

आनंदवाहिनी ने सनातनी परंपराओं के साथ मनाया सावन महोत्सव

मातृ शक्तियों ने गुरु वंदना,हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन में लिया हिस्सा

जगदलपुर/नव प्रदेश। पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के मातृ संगठन आनंदवाहिनी जिला बस्तर के तत्वावधान में गुरुवार को शांति नगर स्थित माता दुर्गा मंदिर में सावन महोत्सव का आयोजन सनातनी परंपराओं के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन से हुई। इसके बाद मातृ शक्तियों के लिए पारंपरिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई,जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

आनंदवाहिनी जिला अध्यक्ष गीता शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जगद्गुरु शंकराचार्य के आशीर्वाद से सावन महोत्सव आयोजित किया गया। आयोजन में संगठन से जुड़ी मातृ शक्तियों और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं पारंपरिक आयोजनों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित मातृ शक्तियों को अल्पाहार कराया गया और एक-दूसरे को सावन महोत्सव की शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन में शिखा घोष, सतरूपा मिश्रा,अलका सेंगर,विभा सेंगर,सुनीता कुशवाहा,प्रीति दास,प्रीति गुप्ता,कल्पना अधिकारी,पूजा ठाकुर, रेखा जायसवाल,बबली शुक्ला,मंजू पाण्डेय,अंजू पाण्डेय,वंदना राठौर और आरती तिवारी सहित अन्य मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।

पारंपरिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

गुरु वंदना और हनुमान चालीसा से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और पारंपरिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। अंत में अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने सावन महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

एनएच-30 की बदहाली पर आप का हमला रिद्धि ठक्कर की मौत पर जताया दुख

जगदलपुर/नव प्रदेश। धमतरी जिले के मरकाटोला घाट के पास सड़क दुर्घटना में मुंबई निवासी 24 वर्षीय बाइक राइडर रिद्धि ठक्कर की मौत पर आम आदमी पार्टी ने गहरा दुख जताते हुए एनएच-30 की बदहाल स्थिति को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री एवं बस्तर जोन प्रभारी समीर खान ने कहा कि बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता देखने मुंबई से आए 23 बाइक राइडरों के दल में शामिल रिद्धि की तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से मौत होना बेहद दुखद है। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

समीर खान ने कहा कि रायपुर-जगदलपुर एनएच-30 पर लगातार भारी वाहनों, ट्रेलरों और बसों का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन सड़क की क्षमता के अनुरूप चौड़ीकरण और सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा लगातार सड़क सुधार की मांग की गई,लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सड़क की क्षमता अपर्याप्त है तो नई बसों और भारी वाहनों के परमिट जारी करना कितना उचित है। खान ने टोल वसूली के बावजूद बेहतर सड़क,प्रकाश व्यवस्था, संकेतक और आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने का भी आरोप लगाया।

आप ने मरकाटोला घाट हादसे की उच्चस्तरीय जांच,

आप ने मरकाटोला घाट हादसे की उच्चस्तरीय जांच,फरार चालक की गिरफ्तारी और रिद्धि ठक्कर के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इसके साथ ही जगदलपुर-कांकेर मार्ग के चौड़ीकरण,भारी वाहनों की गति नियंत्रण,दुर्घटनाजनित स्थलों के सुधार,एंबुलेंस-क्रेन व्यवस्था मजबूत करने तथा सड़क सुरक्षा पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग रखी गई है। मांगें पूरी नहीं होने पर आप ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का जनांदोलन तेज

राजीव भवन में ब्लॉक कांग्रेस की रणनीतिक बैठक,घर-घर पहुंचकर भरवाए जाएंगे आवेदन

जगदलपुर/नव प्रदेश। राजीव भवन में गुरुवार को उत्तर एवं दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संयुक्त रणनीतिक बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री (प्रदेश महामंत्री) मलकीत सिंह गैदू की मौजूदगी तथा उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष (अध्यक्ष) सूर्यापानी और दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष (अध्यक्ष) बलराम यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बढ़े हुए बिजली बिल, स्मार्ट मीटर लगाने और 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग को लेकर व्यापक जनांदोलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि ब्लॉक, मंडल और सेक्टर स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में घर-घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को दर्ज करने के साथ उपभोक्ताओं से आवेदन एवं विरोध-पत्र भरवाए जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री (प्रदेश महामंत्री) मलकीत सिंह गैदू ने कहा कि भाजपा सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद कर आम जनता और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ाया है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 400 यूनिट बिजली बिल हाफयोजना की बहाली और स्मार्ट मीटर लगाने पर तत्काल रोक तक कांग्रेस आर-पार का संघर्ष जारी रखेगी।

जनता के बीच पहुंचेगा कांग्रेस का अभियान,मांग पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष (अध्यक्ष) सूर्यापानी ने कहा कि बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता के शोषण के खिलाफ कांग्रेस निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर उपभोक्ताओं की समस्याएं दर्ज की जाएंगी और उनकी मांगों को मजबूती से सरकार के सामने रखा जाएगा। दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष (अध्यक्ष) बलराम यादव ने कहा कि जब तक बिजली उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलती और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था पर रोक नहीं लगती, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंडल एवं सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। उपभोक्ताओं से आवेदन और विरोध-पत्र एकत्र कर आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

जिले के 36 छात्रावास आश्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश शुरू

नारायणपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 16 जून 2026 जिले के छात्रावास आश्रमों में प्रवेश प्रांरभ है, जिसमे से 06 छात्रावास 30 आश्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रकिया 15 अगस्त 2026 तक कर दी है। इच्छुक छात्र-छात्रायें छात्रावास एवं आश्रमों में प्रवेश ले सकते है।

पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास नारायणपुर में 26 एवं प्री.मै. बालक छात्रावास छोटेडोगर में 49, प्री.मै. बालक छात्रावास नारायणपुर में 40, प्री.मै. बालक छात्रावास ओरछा में 59, नवीन प्री.मै. बालक छात्रावास कुरूषनार (एजुकेशन सिटी अबुझमाड़) में 50 तथा प्री.मै. कन्या छात्रावास ओरछा में 59 सीट संस्थाओं में रिक्त है।

बालक आश्रम बोरपाल में 11, बालक आश्रम खड़कागांव में 60, बालक आश्रम बड़गांव में 62, बालक आश्रम तोयनार में 25, बालक आश्रम गुलुमकोडो में 04, मा. बालक आश्रम छोटेडोगर में 23, मा.बालक आश्रम गढ़बेंगाल में 30, बालक आश्रम ढोंडरबेड़ा में 17, बालक आश्रम काकावाड़ा 15, बालक आश्रम कोडोली में 22, बालक आश्रम कोगें में 9, बालक आश्रम कानागांव में 16, बालक आश्रम कुड़मेल में 25, बालक आश्रम कलमानार में 12, बालक आश्रम मसपुर में 16, बालक आश्रम मुरूमवाड़ा में 14, बालक आश्रम हिकपाड़ में 11 बालक आश्रम किहकाड़ में 15, बालक आश्रम हिकुल में 30, बालक आश्रम रायनार में 25, बालक आश्रम छोटेपरलनार में 20, बालक आश्रम जुवाड़ा में 26, बालक आश्रम टाहकावाड़ा में 11, बालक आश्रम आसनार में 28, बालक आश्रम गारपा में 20, बालक आश्रम गोमागाल में 10, बालक आश्रम लंका में 18, नवीन बालक आश्रम ओरछा (एजुकेशन सिटी अबुझमाड़) 50, कन्या आश्रम कोगेंरा में 57, नवीन कन्या आश्रम ओरछा (एजुकेशन सिटी अबुझमाड़) में 50 सीट रिक्त है। उपरोक्तानुसार जिले के कुल 36 छात्रावास / आश्रमों पर प्रवेश उपलब्ध है।

भाजपा पूर्वी नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार

हर घर तिरंगा अभियान में घर-घर पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता

■ शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर

जगदलपुर/नव प्रदेश। भारतीय जनता पार्टी पूर्वी नगर मंडल कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को समन्वय के साथ विस्तार देने,हर घर तिरंगा अभियान और समरसता संकल्प अभियान को प्रभावी बनाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं को सतत सक्रिय रखने पर भी जोर दिया गया।

मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने मंडल में अब तक आयोजित कार्यक्रमों का वृत्त प्रस्तुत करते हुए आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना की जानकारी दी। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को गंभीरता से भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही जनता से संगठन का सीधा जुड़ाव स्थापित करते हैं।

मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से प्रेरित हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नागरिकों से अपने निवास पर तिरंगा फहराने का आग्रह करें। उन्होंने समरसता संकल्प अभियान को गति देने तथा शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर की बैठकों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक का संचालन महामंत्री संतोष बाजपेयी ने किया तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री दिगम्बर राव ने किया। बैठक में योगेन्द्र पाण्डेय, सफीरा साहू, सुरेश गुप्ता,राजेन्द्र बाजपेयी,आलोक अवस्थी,रोहित त्रिवेदी,योगेश सिंह ठाकुर, माहेश्वरी ठाकुर, अज़ीज़ खान,गोविंद ईनाणी,राजेश श्रीवास्तव,राकेश तिवारी, विक्रम सिंह यादव,गीता नाग,मीना साहू,राजा यादव, योगेश मिश्रा, राधा बघेल,किरण दीवान,रितेश सोनी,केतन महानंदी, शैलेष श्रीवास्तव,संतोष पाण्डेय,रौशन सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी

हर घर तिरंगा अभियान को घर-घर पहुंचाने के साथ समरसता संकल्प अभियान को गति देने की रणनीति बनाई गई। शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन के आगामी कार्यक्रमों को आपसी समन्वय से प्रभावी बनाने की कार्ययोजना पर भी बैठक में सहमति बनी।

एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, स्केटिंग एवं तैराकी में शानदार प्रदर्शन, कई पदक जीते

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के विद्यार्थियों ने सीबीएसई, क्लस्टर एवं ज़ोनल के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं बिलासपुर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने योग, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, स्केटिंग एवं तैराकी जैसे विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अनेक पदक अपने नाम किए।

कोलकाता में आयोजित सीबीएसई ज़ोनल योग ट्रेडिशनल ग्रुप प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं अर्पिता दत्ता, दीक्षा रमन, हंसिका प्रमाणिक, ग्रीसी कैवर्त एवं दीपा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वहीं रिदमिक पेयर योग में दीक्षा रमन एवं ग्रीसी कैवर्त ने रजत पदक हासिल किया। केआईआईटी इंटरनेशनल स्कूल, भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के श्रेयांश कुमार राय ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर रनिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जयश राव, बी. एरिक एवं कथित सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए, जबकि अनंत हापसे ने कांस्य पदक हासिल किया। डीपीएस स्कूल पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र शांतनु कश्यप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

तैराकी में पदकों की झड़ी

डीपीएस स्कूल भिलाई, दुर्ग में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर स्विमिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शिवांगिनी पांडे ने विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 5 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 50 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर मेडले फ्रीस्टाइल एवं 100 मीटर मेडले फ्रीस्टाइल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं सत्यम पांडे ने तैराकी में 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किए। उन्होंने 800 मीटर फ्रीस्टाइल, 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 400 मीटर फ्रीस्टाइल एवं 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सह विद्यालय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी, प्राचार्य, उप-प्राचार्य सहित पूरे स्कूल परिवार द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। केपीएस स्कूल सरोना, रायपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर स्केटिंग प्रतियोगिता में बी. रुद्राक्ष नायडू ने कांस्य पदक, जबकि नमामि बताव ने रजत पदक प्राप्त किया।

न्यूज गैलरी

उदय भाजपा जिला मीडिया सहसंयोजक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर ग्रामीण में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने जिला मीडिया प्रभारी एवं सहप्रभारियों के दायित्वों की घोषणा की है। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शमशेर सिंह (उदय) को जिला सहसंयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जारी नियुक्ति के अनुसार बेलतरा विधानसभा से अनमोल कुमार झा को जिला संयोजक बनाया गया है। वहीं मस्तूरी विधानसभा से शमशेर सिंह (उदय) तथा कोटा विधानसभा से संजय सोनी को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती आवेदन 27 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत ग्राम धूमा के आंगनबाड़ी केन्द्र धूमा 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक रिक्त पद हेतु 27 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका वेबसाईट https://aww.e-bharti.in में जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती है। ऑफलाइन आवेदन परियोजना कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

तैराकों ने दिया देशप्रेम का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। आजादी के महोत्सव को लेकर शहर में देशभक्ति का अनोखा नजारा देखने को मिला। संजय तरण पुष्कर में तैराक दल ने पानी में तैरते हुए तिरंगा लहराकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। तैराक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर स्वीमिंग पूल में एक स्थान से दूसरे स्थान तक तैरते नजर आए। इस दौरान तिरंगे के सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया गया। दल के सदस्य अजय शुक्ला ने बताया कि देशभर में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं।

बीट प्रभारियों की रिपोर्टिंग ने डीजीपी को किया प्रभावित, रतनपुर को मॉडल थाना बनाने की तैयारी

थाने को गोद लेने के बाद पहली बार पहुंचे डीजीपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीजीपी ने पुलिसिंग में तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने, संसाधनों का सही उपयोग करने और लोगों को जल्द पुलिस सेवा देने पर जोर दिया। थाने की बीट व्यवस्था और टीम की ओर से हर गांव की रिपोर्ट तैयार करने के तरीके को देखकर वे प्रभावित हुए। बता दें, प्रदेश में पुलिसिंग को बेहतर और जवाबदेह बनाने के लिए सीनियर आईपीएस अफसरों को थाने गोद लेने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी योजना के मद्देनजर जिले के रतनपुर थाने को डीजीपी ने गोद लिया है। गोद लेने के बाद पहली बार वे रतनपुर पहुंचे।

शाम 4.15 बजे उन्होंने सबसे पहले मां महामाया मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद शाम 5.20 बजे आईजी और एसएसपी के साथ रतनपुर थाने पहुंचे। थाना परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद रिकॉर्ड, मालखाना, रोजनामचा और अन्य रजिस्टरों की जांच की। थाने के निरीक्षण के बाद डीजीपी ने टीआई निलेश पांडेय से थाने के कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने दर्ज अपराधों और उनकी जांच को लेकर सवाल किए और मामलों की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विवेचकों को नए कानून के तहत ऑनलाइन सिस्टम का ज्यादा इस्तेमाल करने को कहा। इसमें ई-साक्ष्य, ई-समन और ई-वारंट शामिल हैं। गंभीर मामलों में फोरेंसिक जांच के साथ फोटो और वीडियो बनाने के भी निर्देश दिए।

थाने गोद लेने की पहल को बताया बेहद खास

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की ओर से एक-एक थाना गोद लेने की पहल को डीजीपी ने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे वरिष्ठ अधिकारी थानों की कार्यप्रणाली, क्षेत्र की समस्याओं और पुलिसिंग की वास्तविक स्थिति से सीधे जुड़े रहेंगे। इससे जवाबदेही बढ़ेगी और थानों की व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। डीजीपी ने अपने दौरे की शुरूआत पुलिस लाइन के चेतना भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर से की। यहां उन्होंने खुद ब्लड प्रेशर और ब्लड की जांच कराई। साथ ही पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारों से संवाद किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के साथ सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

बीट प्रणाली और रिपोर्टिंग ने डीजीपी को किया प्रभावित

डीजीपी ने बीट व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सभी बीट प्रभारियों को बुलाया। उन्होंने उनके रजिस्टरों की जांच की और बीट के गांवों से जुड़े सवाल पूछे। आरक्षकों ने ज्यादातर सवालों के सही जवाब दिए। रतनपुर क्षेत्र के एक-एक गांव की जानकारी देखकर डीजीपी प्रभावित हुए। डीजीपी ने बीट प्रभारियों से उनके क्षेत्र के गांवों के नाम, सरपंच और अन्य जरूरी जानकारी के बारे में सवाल किए। कुछ आरक्षकों के जवाब गलत होने पर डीजीपी ने खुद उन्हें संबंधित गांव की सही जानकारी दी और बीट की पूरी जानकारी रखने पर जोर दिया। बिलासपुर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू किए जाने की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर डीजीपी ने इसे राज्य का नीतिगत निर्णय बताया। उन्होंने इस मुद्दे पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार किया। डीजीपी ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए बीट प्रणाली बेसिक पुलिसिंग का अहम हिस्सा है। क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों की स्थानीय लोगों से सीधी पहचान और नियमित संपर्क से अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सूचनाओं का तंत्र भी मजबूत होता है। डीजीपी ने कहा कि वर्दी पहनना अपने आप में बड़ी जिम्मेदारी है। इसे देखकर जनता के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा होती है। इसलिए हर पुलिसकर्मी अपने जीवन का लक्ष्य लोगों को सुरक्षित रखना बनाए और अपने आचरण से इस विश्वास को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी जिस तरह दूसरों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं, उसी तरह उन्हें अपने स्वास्थ्य और परिवार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

शिव मंदिर में रामायण पाठ

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजकिशोर नगर स्थित चंदन आवास के शिव मंदिर में छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व हरेली तिहार के अवसर पर महिला समिति द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान श्रीराम के जीवन एवं आदर्शों का स्मरण करते हुए रामायण की चौपाइयों का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर महिला समिति की सदस्य चंद्रकांति गौरहा, रूकमणी पटेल, पूर्णिमा तिवारी, सत्याबाई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पूजा-अर्चना और रामायण पाठ से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। महिलाओं ने हरेली तिहार की परंपराओं और धार्मिक महत्व पर भी चर्चा की। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा, कृषि संस्कृति और प्रकृति के प्रति आस्था से जुड़ा प्रमुख पर्व है। इस दिन किसान कृषि उपकरणों की पूजा कर अच्छी फसल और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। आयोजन के दौरान समिति की महिलाओं ने आपसी एकता, सामाजिक सद्भाव और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। महिला समिति ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामूहिक सहभागिता से जोड़ने में मदद मिलती है। रामायण पाठ के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया।

बिलासपुर में सामान्य से 10.5 फीसदी अधिक बारिश, अब तक 8584.5 मिमी वर्षा

रतनपुर में सबसे अधिक 20.3 मिमी बारिश, कई तहसीलों में आज बूंदाबांदी भी नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में मानसून की सक्रियता के चलते इस वर्ष अब तक सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। 12 अगस्त 2026 तक जिले में 8,584.5 मिमी संचयी वर्षा दर्ज की गई, जो पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 7,767.2 मिमी के मुकाबले 110.5 प्रतिशत है। यानी जिले में अब तक औसत से करीब 10.5 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। 12 अगस्त को जिले में कुल 21.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक बारिश रतनपुर में 20.3 मिमी हुई, जबकि बेलतरा में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले की अन्य तहसीलों में इस दिन वर्षा शून्य रही।

सकरी में सबसे अधिक संचयी वर्षा- तहसीलवार संचयी वर्षा के आंकड़ों में सकरी सबसे आगे है। यहां अब तक 890.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके बाद बिलासपुर में 850.6 मिमी, बोदरी में 801.6 मिमी और तखतपुर में 772.8 मिमी वर्षा हुई है। कोटा तहसील में अब तक 603.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले की औसत वर्षा 715.4 मिमी बताई गई है, जबकि 10 वर्षों की औसत तहसीलवार वर्षा 647.3 मिमी है। बारिश के इस आंकड़े से जिले में इस मानसून सीजन के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा की स्थिति स्पष्ट हो रही है। हालांकि तहसीलवार बारिश में अंतर बना हुआ है और कुछ क्षेत्रों में अन्य की तुलना में कम वर्षा दर्ज की गई है।

30 सितंबर को संभाग मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन और रैली

ओम त्रिपाठी बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बिलासपुर संभाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने संघ की नियमावली और बिलासपुर संभाग के सभी जिला अध्यक्षों से विचार-विमर्श के बाद प्रशिक्षण अधिकारी ओम त्रिपाठी को संभागीय अध्यक्ष तथा नंदकुमार बंजारे को वरिष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही संभागीय कार्यकारिणी में कुल 24 पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में एक संभागीय अध्यक्ष, एक वरिष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष, आठ संभागीय उपाध्यक्ष, एक संभागीय सचिव, एक संभागीय कोषाध्यक्ष, छह संभागीय प्रवक्ता और छह संभागीय संयुक्त सचिव शामिल हैं। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को संभाग स्तर पर और अधिक मजबूत करने की बात कही गई है। नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष ओम त्रिपाठी ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर संघ लगातार संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता सहित कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर संघ द्वारा 30 सितंबर 2026 को प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं रैली आयोजित की जाएगी। इसके बाद मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। त्रिपाठी ने कहा कि बिलासपुर संभाग में आंदोलन को सफल बनाने के लिए संभाग के सभी जिलों के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर सतत संघर्ष करने की प्रतिबद्धता जताई। संभागीय अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा के बाद संघ के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों ने ओम त्रिपाठी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, प्रदेश महामंत्री हिमाचल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा, सचिव दुर्गेश साहू, जिला संरक्षक रामकुमार यादव, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कस्तूरे, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश शर्मा, एल. महेश्वर राव सहित चंद्र कुमार यादव, राजीव देवांगन, प्रवीण यादव, विजय आजाद, अनुराग कुमार तिवारी, संजय राज सहित अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

आयोजनः ‘सिर्फ एक बार’ से शुरू होती है नशे की लत, मोबाइल भी बन रहा बड़ा व्यसनः गीता

डीएवी स्कूल में 15 सौ विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीएवी पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारीज़ के तत्वावधान में ‘10 करोड़ नशामुक्ति संकल्प महाभियान’ के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीके मंजू दीदी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में करीब 1500 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बीके गायत्री बहन ने विद्यार्थियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि श्रेष्ठ व्यक्तित्व और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का पावन केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन शांत, तन स्थिर और विचार सकारात्मक रखने का अभ्यास कराया। साथ ही कहा कि विद्यार्थी स्वयं को परमात्मा की प्रिय संतान समझें और शिक्षा के अवसर को ईश्वरीय उपहार मानकर अपने जीवन को श्रेष्ठ संस्कारों से सजाएं।

‘सिर्फ एक बार’ से शुरू होती है लत

गीता ने कहा कि आज नशे का स्वरूप बदल रहा है। सिगरेट और शराब के साथ मोबाइल फोन की लत भी युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगाह किया कि हर नशे की शुरुआत अक्सर ‘सिर्फ एक बार’ से होती है, लेकिन यही छोटी-सी शुरुआत आगे चलकर जीवन, करियर और परिवार को प्रभावित कर सकती है। विद्यार्थियों से उन्होंने समय और ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया।

हीरो नहीं, रोल मॉडल बनें विद्यार्थी

विद्यालय के प्राचार्य के. पार्थिपन ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा व्यक्तित्व बनाना चाहिए कि उनके जूनियर, पड़ोसी और समाज के लोग उन्हें अपना रोल मॉडल मानें। उन्होंने कहा कि सफलता केवल स्वयं आगे बढ़ने का नाम नहीं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा बनने का भी माध्यम है। नशे से बचने के लिए आत्मबल, सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन जरूरी है। राजयोग मेडिटेशन विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन विकसित करने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने नशे से दूर रहने, दूसरों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और संस्कारित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने ब्रह्माकुमारीज़ के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत करते हैं।

‘देश सुरक्षित, घर सुरक्षित’

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश की सरहदों पर तैनात सिपाहियों के लिए बिलासपुर की माताओं-बहनों का प्यार एक बार फिर सीमा तक पहुंचा। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बहनों ने ‘ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र संग्रहण 4’ के तहत लिफाफे में रक्षा सूत्र, एक चुटकी मिट्टी और पत्र हजारों की संख्या में एकत्र कर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की जिला संगठन आयुक्त डॉ. पूनम सिंह को सौंपे। ये सामग्री आपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र संग्रहण के तहत महेन्द्र प्रताप सिंह राणा के माध्यम से अब देश के हर कोने में तैनात जवानों तक पहुंचाई जाएगी।

उषा वर्मा ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से हमारा एक ही संकल्प है - सरहद पर खड़े जवान का मनोबल ऊंचा रखना। जब तक देश सुरक्षित है, तब तक हमारा घर सुरक्षित है। समाज की अध्यक्ष उषा वर्मा ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ में बेटियों सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के शौर्य ने हमें प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष सीमा कश्यप के साथ ज्योति वर्मा, ओमीषा वर्मा, किरण नायक, माधुरी वर्मा, सरिता नायक, रश्मि वर्मा, मधु वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, रंजना कश्यप आदि उपस्थित थे।

31 अगस्त को आएगा झीरम हमले का फैसला

तीन दिन चली अंतिम बहस के बाद कोर्ट ने तय की तारीख

10 आरोपियों पर पूरी हुई सुनवाई

बचे 10 के खिलाफ जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित एनआईए की विशेष अदालत में यह मामला चल रहा था। नक्सलियों के हमले में कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व खत्म हो गया था। उस वक्त कांग्रेस पार्टी ने वर्तमान बीजेपी सरकार पर सुपारी किलिंग कराने का आरोप लगाया था। इस हमले में तत्कालीन पीसीसी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा सहित अन्य बड़े कांग्रेसी नेताओं के अलावा सुरक्षाबलों के जवान व आम नागरिकों को भी नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

जगदलपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित झीरमघाटी हमला मामले में बीते 10 अगस्त से अभियोजन व बचाव पक्ष के बीच चल रही अंतिम बहस बुधवार को पूरी हो गई। दोनों पक्षों के अंतिम बहस के बाद न्यायालय ने फैसले को आरक्षित रखते हुए फैसला सुनाने के लिए 31 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है।

सुनवाई का फैसला एनआईए कोर्ट ने रखा सुरक्षितः 10 अगस्त से शुरू हुई अंतिम बहस तीन दिन चली और बुधवार सुबह 11 बजे से बचाव पक्ष की दलीलें प्रस्तुत करने के बाद अभियोजन पक्ष ने रिपीटर दलीलें भी प्रस्तुत की। दोपहर चायकाल तक बहस पूरी होने के बाद अब झीरम कांड की चली सुनवाई का फैसला एनआईए कोर्ट ने सुरक्षित रखा है। न्यायालय द्वारा 31 अगस्त को फैसला सुनाने ऑर्डर शीट में तारीख तय कर दिया गया है। कोर्ट में अभियोजन पक्ष के वकील दिनेश पानिग्राही और बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने अंतिम बहस में हिस्सा लिया।

27 की मौत 35 घायलः 25 मई 2013 को माओवादियों ने झीरम घटना को तब अंजाम दिया था जब कांग्रेस की परिवर्तन रैली सुकमा से निकलकर झीरम घाटी से होकर गुजर रही थी। इस मामले में एनआईए की जांच रिपोर्ट में 27 लोगों की मौत और 35 लोगों के घायल होने की बात कही गई। इस मामले में 4 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा 150 से 200 अन्य माओवादियों को भी आरोपी बनाया गया।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच संपत्तियों पर बड़ा फैसला, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिकाएं, कहा- पहले वैधानिक प्रक्रिया जरूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईजी) द्वारा अटैच की गई संपत्तियों को लेकर दायर याचिकाओं पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मेसर्स मोक्षित कार्पोरेशन और उनके सहयोगियों की ओर से दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पीएमएलए के तहत संपत्ति अटैचमेंट के खिलाफ पूरी वैधानिक प्रक्रिया उपलब्ध है। ऐसे में याचिकाकर्ताओं को पहले निर्धारित प्रक्रिया के तहत सक्षम प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्तियां रखनी होंगी।

सीधे हाईकोर्ट आना सुनवाई योग्य नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि पीएमएलए के तहत संपत्ति अटैचमेंट के मामले में कानून ने आपत्ति और चुनौती के लिए निर्धारित प्रक्रिया उपलब्ध कराई है। ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत सीधे हाईकोर्ट का रुख करना सुनवाई योग्य नहीं है, जब तक संबंधित वैधानिक प्रक्रिया का पालन न किया गया हो।

प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच की है संपत्तियां

मामला मेसर्स मोक्षित कार्पोरेशन और उसके सहयोगियों से जुड़ा है। मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान ईडी ने संबंधित संपत्तियों को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अटैच किया है। इसी अटैचमेंट के खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

पहले सक्षम प्राधिकरण के सामने रखनी होगी आपत्ति

कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए में अटैचमेंट की कार्रवाई के खिलाफ आपत्तियां दर्ज कराने और उसके निराकरण के लिए निर्धारित वैधानिक तंत्र मौजूद है। इसलिए संबंधित पक्षों को पहले सक्षम प्राधिकरण के समक्ष अपनी सभी आपत्तियां और दावे प्रस्तुत करने होंगे। हाईकोर्ट ने इसी आधार पर याचिकाओं को खारिज कर दिया और याचिकाकर्ताओं को पीएमएलए के तहत उपलब्ध वैधानिक प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया।

न्यूज गैलरी

रायगढ़ से ट्रेलर का डाला चुराकर रायपुर में बेचा, 3 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में चोरों ने प्री-प्लानिंग कर रात में ट्रेलर का डाला चोरी किया और उसे रायपुर में 4 लाख 30 हजार रुपए में बेच दिया। पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया डाला और इंजन बरामद कर लिया गया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर, सारंगढ़ बस स्टैंड क्षेत्र निवासी धीरज कुमार नवीन (41) ने 2 अगस्त को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर का इंजन बजरंग मोटर के अंदर था, जबकि उसका डाला उर्दना बैरियर से सीएमओ तिराहा के बीच सड़क किनारे खड़ा था। 27 जुलाई की शाम करीब 4 बजे डाला वहां खड़ा किया गया था। अगले दिन सुबह डाला गायब मिला। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ के साथ सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को बारीकी से खंगाला गया। रात के अंधेरे के कारण वाहन की पहचान करना मुश्किल था, लेकिन पुलिस ने लगातार फुटेज की कड़ियां जोड़ते हुए अहम सुराग हासिल किया। सीसीटीवी फुटेज में चोरी किया गया डाला दूसरे ट्रेलर के इंजन से जोड़कर ले जाते हुए दिखाई दिया। डाला लेकर जा रहे ट्रेलर के आगे एक नीले रंग की कार भी चल रही थी, जो पायलेटिंग कर रही थी। पुलिस ने दोनों वाहनों के आने-जाने का पूरा रूट सीसीटीवी फुटेज के जरिए ट्रेस किया।

न्याय को तेज, सहज और रिश्तों को बचाने वाली प्रक्रिया बनाने पर जोर

दुर्ग/नवप्रदेश। हर विवाद का अंत अदालत के फैसले से ही हो यह जरूरी नहीं। कभी-कभी एक बातचीत, एक सही सवाल और एक निष्पक्ष बातचीत वह कर सकता है, जो वर्षों की मुकदमेबाजी भी नहीं कर पाती। इसी सोच के साथ मीडिएशन 3.0 को दुर्ग में और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के. विनोद कुजूर ने जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग के अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर मध्यस्थता को अधिक प्रभावी बनाने और अधिकाधिक उपयुक्त मामलों को बातचीत के माध्यम से समाधान तक पहुंचाने पर चर्चा की। उक्त बैठक में जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष, सचिव, अन्य पदाधिकारीगण तथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में इस बात पर विशेष रूप से चर्चा हुई कि हर विवाद में केवल यह देखना जरूरी नहीं कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा, बल्कि यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या दोनों पक्ष ऐसा समाधान तलाश सकते हैं जिसमें किसी की अनावश्यक हार न हो। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वे ऐसे मामलों की पहचान करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिनमें सुझाव के माध्यम से पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर स्थायी एवं स्वीकार्य हल निकाला जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिवक्ता केवल अपने पक्षकार के प्रतिनिधि नहीं होते, बल्कि वे पक्षकार को उपलब्ध सभी वैधानिक और प्रभावी समाधान विकल्पों से परिचित कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

15 अगस्त से पहले रायपुर सेंट्रल जेल से 9 उम्र कैदी हुए रिहा

रायपुर/नवप्रदेश। 15 अगस्त से पहले रायपुर सेन्ट्रल जेल से 1 महिला समेत 9 कैदियों का रिहा किया गया है। सभी हत्या के केस में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। जेल से निकलते वक्त सभी कैदियों के हाथ में गीता थी। कुछ के परिवार वाले लेने आए थे। तो कुछ अकेले अपने बाकी का सफर पूरा करने निकल पड़े। हमने कैदियों से बातचीत करने की कोशिश की, कुछ ने बस इतना कहा कि बाकी जिंदगी अच्छे से गुजारनी है। तो कुछ बस सिर्फ मुस्कुरा कर आगे बढ़ गए। सब खुश थे। लेकिन खुशी का इजहार कर पाएं इतने शब्द नहीं थे। जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री ने बताया आज या कल में 12 और कैदी छोड़े जा सकते हैं।

उम्रकैद के फैसले पर भड़के, बोले- फांसी दो, 3 दोस्तों की हत्या की थी

ट्रिपल-मर्डर के पांच आरोपियों पर पीड़ित परिवार ने फेंके जूते

फांसी की सजा देने की मांग की थी

वकील ने बताया कि इस मामले में करीब एक साल के अंदर फैसला आ गया। 11 नवंबर को कोर्ट में चालान पेश किया गया था और 12 अगस्त 2026 को फैसला सुना दिया गया। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। मृतकों के परिजन भी फांसी की मांग कर रहे थे। अब वे चाहें तो फैसले के खिलाफ आगे अपील कर सकते हैं। यह फैसला प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहन सिंह कोर्राम की अदालत में सुनाया गया।

हत्या में पांच बालिग आरोपी और तीन नाबालिग आरोपी शामिल थे

पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में 5 बालिग आरोपी और 3 नाबालिग आरोपी शामिल थे। लोक अभियोजक गीतेश प्रजापति ने बताया कि ट्रिपल मर्डर मामले में पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा बलवा करने के मामले में दो-दो साल, हथियार रखने के मामले में पांच-पांच साल और अन्य लोगों से मारपीट के मामले में छह-छह महीने की सजा दी गई है। उन्होंने बताया कि गोपी दीवान, कुलेश्वर नेताम और रणवीर साहू को हथियार रखने के मामले में अलग से सजा मिली है। हालांकि, 3 साल तक की सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी में हुए ट्रिपल मर्डर केस में कोर्ट ने 5 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह फैसला धमतरी के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद मृतकों के घरवाले काफी नाराज दिखे। कोर्ट से बाहर निकलते समय मृतकों के घरवालों ने गुस्से में आरोपियों पर जूते-चप्पल और पत्थर फेंकते हुए कहा, 'घर उजाड़कर क्या मिला?'

परिवार वालों ने कहा कि उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं, इसलिए आरोपियों को उम्रकैद नहीं बल्कि फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी। एक रिश्तेदार ने भावुक होकर बताया कि उनकी डेढ़ साल की बेटी आज भी दरवाजे की तरफ देखती है और उसे लगता है कि उसके पिता चॉकलेट लेकर वापस आएंगे। परिजनों ने कहा कि वे कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ आगे अपील करेंगे।

मामूली विवाद में तीन युवकों की हत्याः यह मामला धमतरी के अर्जुनी थाना क्षेत्र के भोयना गांव स्थित अन्नपूर्णा ढाबा के पास का है। दरअसल, कार सवार 5 युवक 11 अगस्त, 2025 की रात धमतरी घूमने निकले थे। तभी ग्राम भोयना के पास स्थित अन्नपूर्णा ढाबे में कुछ पूछने के लिए रुके। इस दौरान ढाबे में पहले से 8 लोग बिल पेमेंट को लेकर विवाद कर रहे थे। बदमाश ढाबे की कुर्सी तोड़ रहे थे। इस दौरान कार से उतरे युवकों ने उन्हें रोका।

नशे में धुत बदमाशों ने युवकों से गाली-गलौज की। इसी बात पर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ, पहले बहस हुई फिर बात मारपीट तक आ गई। विवाद, गाली-गलौज और मारपीट के बीच मुख्य आरोपी गोपी दीवान ने चाकू से आलोक सिंह ठाकुर, नितिन तांडी और सुरेश निहाल पर हमला कर दिया था। हमले में तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

एयर एंबुलेंस से मुंबई भेजा गया महिला बाइकर का शव

पिता लेने पहुंचे थे, ट्रेलर ड्राइवर अब भी फरार, एनएच-30 पर मारी थी टक्कर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बुधवार सुबह सड़क हादसे में मुंबई की महिला बाइकर रिद्धि ठक्कर (24) की मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को रायपुर एयरपोर्ट लाया गया, जहां से शव देर शाम एयर एंबुलेंस से मुंबई भेजा गया। शव लेने के लिए रिद्धि के पिता रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा भी मौजूद रहे। रायपुर से 23 बाइक राइडर्स का दल बस्तर जा रहा था। धमतरी से करीब 20 किमी दूर एनएच-30 के मरकाटोला घाटी के पास रिद्धि ट्रेलर की चपेट में आ गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से धमतरी रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रेलर चालक फरार है। पुरुर थाना पुलिस अज्ञात ट्रेलर की तलाश कर रही है। घटना के बाद साथी बाइकर्स में शोक का माहौल है। महिला बाइकर्स से मीडिया ने बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। 12 अगस्त की सुबह 23 राइडर्स का समूह रायपुर से कांकेर की ओर रवाना हुआ था। 3 लोग कार में सवार थे। वहीं सभी बाइकर्स एक साथ यात्रा कर रहे थे। धमतरी पार करने के बाद करीब 17 बाइक राइडर्स आगे निकल गए, जबकि 3 राइडर्स कुछ दूरी पीछे रह गए। इसी दौरान पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मरकाटोला घाट के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे ट्रेलर ने पीछे चल रही रिद्धि ठक्कर की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिद्धि सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के तत्काल बाद साथ चल रहे बाइक राइडर्स और स्थानीय लोगों ने घायल रिद्धि की मदद की। डायल-112 की सहायता से उन्हें उपचार के लिए चारामा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने उन्हें तत्काल धमतरी के जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एक महीने में तीसरी बार सड़क पर उतरे स्कूली बच्चे, हाईवे किया जाम

प्रिंसिपल और वार्डन को हटाने की मांग, कोरबा-कटघोरा मार्ग पर जाम

कोरबा/नवप्रदेश। छुरी स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के स्कूली बच्चों ने एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अपनाया है। अपनी मांगों को लेकर बच्चे पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए और कोरबा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। एक महीने के भीतर छात्रों का यह तीसरा आंदोलन है।

छात्रों ने छुरी पंचायत के सामने बड़ी संख्या में सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। चक्का जाम के कारण मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात प्रभावित होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, वे सड़क से नहीं हटेंगे।

बताया जा रहा है कि छात्र इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर चुके हैं। एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विधायक का घेराव किया था। इसके बाद छात्रों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम किया था। अब एक बार फिर बड़ी संख्या में बच्चे सड़क पर बैठ गए हैं। छात्रों का आरोप है कि लगातार आंदोलन और शिकायतों के बावजूद उनकी मांगों पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

आंदोलन कर रहे छात्रों की प्रमुख मांग एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरी के प्रिंसिपल डॉ. अरसद अहमद अली और छात्रावास अधीक्षक को तत्काल हटाने की है। छात्रों का आरोप है कि स्कूल और छात्रावास से जुड़ी समस्याओं को लेकर कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इसी वजह से उन्हें दोबारा सड़क पर उतरना पड़ा। छात्रों के चक्का जाम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सहायक आयुक्त, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और थाना प्रभारी समेत प्रशासनिक अधिकारी बच्चों से बातचीत कर रहे हैं।

30 दिन से अधिक तक भंडारण नहीं, आदेश राजपत्र में प्रकाशित

शक्कर की जमाखोरी पर होगा एक्शन, केंद्र सरकार ने तय की 4 हजार क्विंटल की सीमा

रायपुर/नवप्रदेश। शक्कर की कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी को देखते इस पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बना दिया गया है। केंद्र सरकार ने राजपत्र में प्रकाशन कर शक्कर के अवैध भंडारण और जमाखोरी पर अंकुश लगाने चीनी डीलरों और व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा तय कर दी है। नए पाबंदी के अनुसार अब कोई भी डीलर चार हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। इसके अलावा डीलर किसी स्टॉक की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन से अधिक अवधि तक उसका भंडारण भी नहीं कर सकेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय के दरमियान प्रदेशभर में शक्कर की मांग और आपूर्ति के बीच काफी अंतर देखा गया है। इस कारण अचानक शक्कर की कीमत में भारी उछाल आया है। लगभग देश भी में यही स्थिति है। इसको देखते भारत सरकार 28 जुलाई 2026 को राजपत्र में इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में सभी शक्कर के कारोबारियों के लिए शक्कर का स्टॉक अधिकतम 4 हजार क्विंटल निर्धारित कर दिया है। इसके अलावा स्टॉक को एक माह के भीतर बेचना होगा। केंद्र सरकार का यह आदेश 1 अगस्त से लागू होकर 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा सभी चीनी डीलरों को पोर्टल पर स्व-पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। उसे नियमित रूप से अपडेट करना होगा।

राजपत्र में जारी आदेश के अनुसार स्टॉक सीमा सरकारी खाते पर लागू नहीं होगी। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा तय किए गए डीलरों अथवा अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में वितरण के लिए रखे गए स्टॉक को भी इस सीमा से बाहर रखा गया है। सिर्फ स्टॉक सीमा तय करना ही नहीं, सरकार निगरानी भी बढ़ा रही है। सभी चीनी डीलरों को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी दर्ज करनी होगी और हर हफ्ते उसे अपडेट करना होगा।

कार्रवाईः समयबद्ध निराकरण से किसानों और क्षेत्रवासियों को मिली राहत, जलभराव की आशंका हुई दूर

मोहगांव एनीकट के जाम गेट खुले, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर हुई कार्यवाही

रिपेयरिंग बाद हुआ सुचारू

तकनीकी टीम द्वारा एनीकट के सभी गेटों के आवश्यक यांत्रिक भागों की ऑयलिंग एवं ग्रीसिंग की गई तथा आवश्यक तकनीकी सुधार के बाद गेटों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। कार्यवाही के पश्चात एनीकट के सभी गेट सुचारू एवं सुरक्षित रूप से खुल गए और जल का प्रवाह सामान्य रूप से प्रारंभ हो गया।

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए संचालित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सुशासन और जनसेवा का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में सीएम हेल्पलाइन टोकन क्रमांक ष्ष्260700074555, आवेदक कादर खान द्वारा मोहगांव एनीकट के गेट लंबे समय से जाम होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत में बताया गया था कि एनीकट के गेट संचालित नहीं होने के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है, जिससे आसपास के खेतों एवं भूमि में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई।

शिकायत पर निरीक्षण कर सुधारः विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर मोहगांव एनीकट का स्थल निरीक्षण किया गया तथा गेटों की तकनीकी स्थिति का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तकनीकी समस्या के कारण गेटों के यांत्रिक भाग जाम हो गए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा विद्युत यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया।

शिकायत पर त्वरित व समयबद्ध निराकरण

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर विभाग द्वारा त्वरित स्थल निरीक्षण, तकनीकी परीक्षण, संबंधित विभागों के बीच समन्वय और आवश्यक मरम्मत कार्य कराते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया गया। यह कार्रवाई राज्य सरकार की जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता, त्वरित प्रशासन और जवाबदेह सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शिकायत पर तत्काल कार्यवाही सरकार का उद्देश्य

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान केवल शिकायत दर्ज होने तक सीमित न रहे, बल्कि संबंधित विभाग द्वारा मौके पर कार्रवाई कर समयबद्ध, प्रभावी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन इसी जनोन्मुखी प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रही है।

संभावित जलभराव और बाढ़ की आशंका हुई दूर

गेटों के सुचारू संचालन एवं जल निकासी बहाल होने से आसपास के खेतों और भूमि में संभावित जलभराव तथा बाढ़ जैसी स्थिति की आशंका दूर हो गई। इससे किसानों एवं क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली तथा एनीकट की जल प्रबंधन क्षमता एवं कार्यप्रणाली भी पुनः सुचारू हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com